* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 अप्रैल, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 185










# पलामू से वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव ने नामांकन किया

■ नामांकन कार्यक्रम में जुटे पार्टी के वरिष्ठ नेता

■ भाजपा ने रैली और सभा कर उम्मीदवार को वोट देने की अपील की





आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू/लोहरदगा।** पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने से पहले उन्होंने डाल्टेनगंज के छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। उनके नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल हुए। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी रही।

वहीं, लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में समीर उरांव ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मारंडी, विधायक दल नेता अमर बाउरी समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन के साथ-साथ लोहरदगा और पलामू में रैली भी हुई। इसमें भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधा। साथ ही अपने प्रत्याशियों को जीताने की अपील की। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल का गुमला पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी। यह रैली चुनाव कार्यालय तक गयी। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस की सोच आप देख रहे हैं। इंडी गठबंधन केवल जनता को लूटना चाहती है। यहां से भाजपा प्रत्याशी को जीता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

### इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों ने भी किया नामांकन

# पलामू से राजद की ममता भुइयां ने नामांकन किया

## लोहरदगा से निर्दलीय उतरे झामुमो विधायक चमरा लिंडा





आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू/लोहरदगा।** पलामू और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगरमी बढ़ गयी है। भाजपा के साथ-साथ इन दो लोकसभा क्षेत्रों में इंडी गठबंधन और निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। पलामू से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने नामांकन दाखिल किया, तो लोहरदगा से झामुमो के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय ही नामांकन दाखिल कर चुनाव को रोचक बना दिया है।

राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के समर्थकों से पलामू जिला निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में दंडाधिकारी के साथ बकझक भी हुई। नामांकन पत्र दाखिल करने जा ममता के समर्थकों की संख्या तय संख्या से अधिक थी। अधिकारी ने उन्हें अंदर जाने से रोका, तो जिला अध्यक्ष अधिकारी से उलझ गये।

## सुखदेव भगत को जनता पसंद नहीं करती : चमरा लिंडा

उधर, लोहरदगा लोकसभा के चुनावी मैदान में इंडी गठबंधन में सेंध लग गयी है। कांग्रेस, झामुमो और राजद के बीच गठबंधन है। इस गठबंधन को तोड़ते हुए झामुमो विधायक चमरा लिंडा निर्दलीय ही चुनाव मैदान में उतर गये। इससे यहां का चुनावी माहौल और गरमा गया है। नामांकन के समय चमरा लिंडा के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। नामांकन के बाद चमरा लिंडा ने कहा कि मेरा सीधा मुकाबला भाजपा से है। मैंने आदिवासियों की सबसे विरोधी पार्टी भाजपा के विरुद्ध यह मोर्चा खोला है। उन्होंने सरना कोड की चर्चा की और भाजपा पर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों की पहचान खत्म करने की साजिश कर रही है। मेरी लड़ाई सरना धर्मकोड और आदिवासियों को पहचान दिलाने की है। उन्होंने कहा कि सुखदेव भगत कांग्रेस की टिकट पर लगातार चुनाव हार चुके हैं। जनता उन्हें पसंद नहीं कर रही है। यही कारण है कि जनता सीधे हमसे जुड़ना चाहती है। आदिवासियों के साथ अन्याय नहीं देख सकता, इसलिए चुनाव में उतरा हूं।

# अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका लड़ेंगी चुनाव!

● इंटरनल सर्वे के बाद लिया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने इन दोनों सीटों पर इंटरनल सर्वे कराया। इसकी रिपोर्ट के आधार पर तय हुआ कि दोनों सीटों पर गांधी परिवार से ही प्रत्याशी उतारा जायेगा। प्रियंका अगर रायबरेली से उतरती हैं, तो यह उनका पहला चुनाव होगा। कांग्रेस जल्द ही इसकी घोषणा कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी चाहती हैं कि रायबरेली सीट से प्रियंका और अमेठी से राहुल को उतारा जाये। इस पर सहमति भी बन चुकी है। राहुल-प्रियंका पहले तैयार नहीं थे, लेकिन अब दोनों को मना लिया गया है।

गौरतलब है कि राहुल वायनाड (केरल) से चुनाव लड़ रहे हैं। वहां 26 अप्रैल को वोटिंग है। इसके बाद कांग्रेस कभी भी अमेठी और रायबरेली से प्रत्याशियों का एलान कर देगी। दोनों सीटों पर नामांकन की आखिरी तारीख 3 मई है, यहां पांचवें फेज में 20 मई को वोटिंग होगी।

# जमशेदपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे सुप्रियो भट्टाचार्य!

● हेमलाल को बनाया गया केंद्रीय प्रवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन ने अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इंडी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे में जमशेदपुर सीट झामुमो को मिली है। लिहाजा झामुमो को यहां से प्रत्याशी देना है। झामुमो द्वारा इस सीट से पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या को प्रत्याशी बनाने की चर्चा है।

इस बीच पार्टी ने हेमलाल मुर्मू को केंद्रीय प्रवक्ता बनाया है। इसके बाद से सुप्रियो के चुनाव लड़ने की चर्चा को बल मिल रहा है। हालांकि झामुमो की तरफ से ऐसी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है, लेकिन जमशेदपुर में हर जगह यह चर्चा है।

**हेमलाल को बनाया प्रवक्ता :** झामुमो के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू को पार्टी का केंद्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर बुधवार को हेमलाल मुर्मू को केंद्रीय प्रवक्ता बनाया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

# सुखदेव भगत आज करेंगे नामांकन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा सीट के लिए गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन है। कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद टाउन हॉल गुमला में आमसभा का भी आयोजन किया गया है। नामांकन कार्यक्रम में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर शामिल होंगे।

## न्यूज रील्स

### नितिन गडकरी महाराष्ट्र में चुनावी रैली में बेहोश हुए

मुंबई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के यवतमाल में चुनावी रैली के दौरान बेहोश हो गये। वे यहां एनडीए की शिवसेना प्रत्याशी राजश्री पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने आये थे। गडकरी बोल ही रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गये। मंच पर मौजूद लोग उन्हें अस्पताल ले गये। घटना के कुछ देर बात नितिन गडकरी ने पोस्ट करके बताया कि वह स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा- रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। 2018 में भी नितिन गडकरी महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर बेहोश हो गये थे। तब महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल विद्यासागर राव भी मंच पर थे। उन्होंने ही उन्हें संभाला था। उनका शुगर लेवल कम होने की वजह से उन्हें चक्कर आ गया था। उन्हें मिठाई खिलाकर पानी पिलाया गया था। इसकी जानकारी खुद गडकरी ने एक पोस्ट में दी थी।

# बारातियों ने मटन के लिए वेटर की हत्या की

कुआं से वेटर का शव बरामद, पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही



अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू गांव में मंगलवार की रात को शादी पार्टी में मटन को लेकर एक वेटर की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। वेटर के शव को बुधवार की अहले सुबह शादी समारोह के ठीक पास के कुएं से पुलिस ने बरामद किया है। घटना के संबंध में बताया गया कि हुप्पू गांव निवासी योगेंद्र महतो की पुत्री की शादी रामगढ़ के कोइरी टोला में तय हुई थी। शादी समारोह में केटरिंग का काम करने बड़की पोना निवासी कृष्णा आया था।

जब बारातियों ने खाना शुरू किया, तो मटन की डिमांड ज्यादा होने लगी। बाराती पक्ष के लोग परोसे गये मटन से ज्यादा मटन की डिमांड करने लगे। वेटर कृष्णा मटन परोस रहा था। उससे बारातियों की बहस हो गयी। मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट और कुर्सी टेबल फेंकने और तोड़ने में लोग उतर गये। पूरा विवाह स्थल रणक्षेत्र में बदल गया। हर तरफ भागा-भागी और अफरा-तफरी की स्थिति बन गयी।

घटना के बाद मृतक के पिता बड़की पोना निवासी रोशन महतो ने थाना में आवेदन देकर हीरा कुमार, मिथलेश महतो, प्रदुमन महतो, नीरज कुमार, धीरज कुमार, आदित्य कुमार एवं अन्य पर नामजद हत्या का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मेरा पुत्र उक्त शादी समारोह में वेटर का काम करता था। रात में बारात आने के बाद वह मीट बांट रहा था। इसी दौरान अधिक मीट देने की मांग पर बारातियों ने मेरे बेटे के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गयी। हत्या का साक्ष्य छुपाने के लिए उसे कुएं में डाल दिया गया। आवेदन के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दूल्हा और उसके पिता को हिरासत में ले लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# कांग्रेस विरासत पर भी टैक्स लगायेगी: नरेंद्र मोदी

सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस ने किया किनारा, खड़गे ने कहा, वोट की खातिर पीएम मोदी ये सारे खेल खेल रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस कहती है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगायेगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। मोदी बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। उधर, कांग्रेस ने भी अपना बचाव किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वोट की खातिर पीएम मोदी ये सारा खेल खेल रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के मैनिफैस्टो से डर गयी है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के बीच 'विरासत टैक्स' पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने आ गयी। इस बीच इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का इस पर एक बयान बुधवार को सामने आया। उन्होंने कहा कि भारत में विरासत टैक्स लगाने पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है। उसके मरने के बाद 45% संपत्ति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55% पर सरकार का मालिकाना हक हो जाता है। यह बड़ा ही दिलचस्प कानून है। हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह उनके निजी विचार हैं। इसका पार्टी से कोई मतलब नहीं है।

## मैंने बस ये कहा कि पता लगाते हैं कि कितना न्याय हो रहा : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो देख कर प्रधानमंत्री घबरा गये हैं। यह कांतिकारी घोषणापत्र है। हमने जाति जनगणना कराने का वादा किया है। भाजपा दलित-ओबीसी के इतिहास को मिटाना चाहती है। आपके इतिहास की जड़ को एक बार फिर लगाना होगा। जाति जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है। राहुल गांधी नयी दिल्ली में पार्टी इवेंट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं कह रहा हूं हिंदुस्तान में आज 90% लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। आज तक मैंने यह भी नहीं कहा कि हम कोई एक्शन लेंगे। मैंने बस ये कहा कि पता लगाते हैं कि कितना न्याय हो रहा है। इस पर तो कोई एतराज नहीं होना चाहिए। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश में एक संविधान है। हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है। मीडिया के सवालों पर कहा कि आप उनके (पीएम मोदी के) आइडिया पर हमारा नाम क्यों लगा रहे हैं। सिर्फ वोट की खातिर पीएम मोदी ये सारे खेल खेल रहे हैं।



# चाइबासा-खूंटी-लोहरदगा की ग्राउंड रिपोर्ट : तीनों ही सीटों पर मोदी चाहिए या नहीं चाहिए के बीच छिड़ी जंग

- हर जगह का मुकाबला अब 'मोदी बनाम एंटी मोदी' में बदल रहा है
- कहां किसका जोर और कहां कौन कमजोर, यह आकलन असंभव
- दोनों ही सीटों पर तीसरा उम्मीदवार थर्ड अंपायर की भूमिका में
- यहां कौन कितना वोट काटेगा और उससे किसको होगा फायदा चर्चा यही है

**आजाद सिपाही विशेष**

लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी शुरू हो गयी है। झारखंड में चुनाव तो 13 मई को शुरू होगा, लेकिन नामांकन दाखिल करने के साथ ही मुकाबले की शुरुआत हो चुकी है। सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा संसदीय सीटों के लिए नामांकन भरने का काम जारी है और तीनों ही सीटों पर दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों ने अपना-अपना नामांकन दाखिल कर मुकाबले में उतरने का एलान कर दिया है। चुनावी सफलता के लिए रणनीतियां तैयार की जा रही हैं और प्रचार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। भारतीय लोकतंत्र की यह खूबसूरती है कि यहां का मतदाता अंतिम समय तक अपने पसंदीदा उम्मीदवार के बारे में खुल कर नहीं बताता। इसलिए चुनाव परिणाम के बारे में कोई भी भविष्यवाणी खतरनाक होती है, लेकिन जहां तक झारखंड की इन तीन संसदीय सीटों के चुनावी माहौल की बात है, तो एक बात साफ नजर आती है कि यह चुनाव 'मोदी बनाम एंटी मोदी' ही हो रहा है, यानी उम्मीदवारों की कम, मोदी की चर्चा अधिक हो रही है। इसी चर्चा के बीच इन तीन संसदीय सीटों से ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करने के लिए आजाद सिपाही की टीम ने चाइबासा, खूंटी और लोहरदगा का दौरा किया और लोगों से बातचीत कर माहौल को समझने की कोशिश की। इन्हीं कोशिशों के फलाफल को शब्दों की माला में पिरो कर प्रस्तुत कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

*आजाद सिपाही की टीम ने कई लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया। शुरुआती दौरे के क्रम में पता चला कि लोग मुद्दों की बात कर रहे थे। अपनी समस्याओं से अवगत करवा रहे थे, लेकिन जैसे-जैसे लोकसभा का चुनाव करीब आ रहा है, मुद्दों से ज्यादा प्रत्याशियों के बारे में चर्चा जोर पकड़ रही है।*




## पहला पड़ाव चाइबासा

जैसे ही सोमवार को सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने नामांकन किया, समझो चुनावी शंखनाद हो गया। उसके बाद मंगलवार को महागठबंधन प्रत्याशी झामुमो की जोबा मांझी ने भी नामांकन किया। मंगलवार को ही खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भी नामांकन किया। इन सभी प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शहर का शहर गाड़ियों के हुजूम से भरा पड़ा था। सड़कें जाम भी हो गयी थीं। प्रशासन की सांसें भी फूल रही थीं। चाइबासा में जब गीता कोड़ा का नामांकन था, तो खुद उनके पति मधु कोड़ा सड़क पर उतर कर जाम हटवा रहे थे। यह दृश्य देख अच्छा भी लगा कि अपनी पत्नी के लिए खुद पूर्व सीएम मधु कोड़ा पूरी लगन से और कड़ी धूप में सड़क से जाम हटवा रहे थे। सोमवार को चाइबासा जाने के क्रम में पाया कि गांवों-टोलों से गाड़ी भर-भर कर गीता कोड़ा के समर्थक उनके नॉमिनेशन के दिन उनका साथ देने पहुंच रहे थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी उस दिन गीता कोड़ा का साथ देने पहुंचे। नॉमिनेशन के बाद गीता कोड़ा का पहला शब्द था कि अब लड़ाई विधिवत रूप से शुरू हो गयी है। वहीं जोबा मांझी ने भी मंगलवार को नामांकन किया। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन संग कई नेता पहुंचे। कार्यकर्ताओं का हुजूम देखते बन रहा था। चाइबासा जाने के क्रम में जगह-जगह आजाद सिपाही की टीम ने लोगों से बातचीत की। किसी ने भी दोनों प्रत्याशियों को कम नहीं आंका। जनता का कहना था कि दोनों मजबूत कैंडिडेट हैं। जोबा मांझी का अपने क्षेत्र में अलग ही सम्मान है। कुछ लोग उन्हें देवी के रूप में संबोधित कर रहे थे। वहीं गीता कोड़ा का भी लोगों के बीच में अलग ही क्रेज है। कुछ लोग गीता कोड़ा के पार्टी बदलने से नाराज थे, लेकिन कुछ लोगों ने कहा कि उन्होंने सही किया। चाइबासा के शहरी क्षेत्र में गीता कोड़ा का बोलबाला है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें जोबा मांझी से दो-दो हाथ करने होंगे। हाल के दिनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपना संगठन भी मजबूत किया है, लेकिन इसका सबसे ज्यादा फायदा कांग्रेस उठा रही है। कांग्रेस का संगठन बहुत कमजोर है वह झामुमो के कंधे पर बंदूक रख कर चलाने का काम कर रही है। दौरे के क्रम में कुछ लोग ऐसे भी मिले, जिन्हें मोदी का काम बहुत पसंद है, लेकिन वे वोट देंगे तो महागठबंधन को। एक शख्स ने कहा कि भारत मजबूत हुआ है। उसे घर-घर नल योजना से पानी भी मिल रहा है। सोलर प्लांट की भी सुविधा मिल रही है। राशन तो है ही। आयुष्मान का भी लाभ ले चुके हैं, लेकिन उनका कहना था कि काम तो अच्छा है, लेकिन वोट नहीं देंगे। मैंने पूछा, ऐसा क्यों। लेकिन इसका जवाब उनके पास नहीं था। शायद वह किसी जाति के बंधन में बंधे थे। उसके आगे चक्रधरपुर में एक व्यक्ति से मुलाकात हुई। बातचीत शुरू हुई। वह व्यक्ति चक्रधरपुर चाइबासा पर कम, देश पर ज्यादा बात करने लगा। उसका कहना था, जब देश रहेगा, तब न राज्य में राजनीति रहेगी। कौन देश को सुरखित रखेगा, जवाब था-मोदी। कुछ लोग गीता कोड़ा को अच्छा उम्मीदवार बता रहे थे। उनके ऊपर मधु कोड़ा का प्रभाव झलक रहा था। गीता के बारे में कहना था, ज्यादा नहीं बोलतीं, जरूरत पड़ने पर जनता के काम के लिए अधिकारियों से भी भिड़ जाती हैं। चाइबासा में एक अधिकारी से जनहित के मुद्दे पर हुई लड़ाई आज भी लोगों को याद है।

## खूंटी में हर तरफ मोदी की ही चर्चा

मंगलवार को आजाद सिपाही की टीम जब खूंटी पहुंची, तब खूंटी एक चुनावी मैदान का रूप ले चुका था, क्योंकि उसी दिन दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों का नामांकन था। कार्यकर्ता झंडा ढो रहे थे। नारे लगा रहे थे। नाच रहे थे। खुशी मना रहे थे। मेरे मन में सवाल आया कि इन कार्यकर्ताओं को क्या मिलता होगा। नेता चुनाव जीतता है और अपनी दुनिया में चला जाता है, लेकिन कार्यकर्ता तो वहीं का वहीं रह जाता है। लेकिन कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और सच्ची लगन देख समझा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं का स्थान क्यों महत्वपूर्ण होता है। क्यों नेता चुनाव में समर्थकों और जनता को देवतुल्य कहने लगते हैं। नेता बिना कार्यकर्ता कुछ नहीं। नेताओं को ऐसे कार्यकर्ताओं का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि ये वही लोग हैं, जो भूखे-प्यासे पार्टी के लिए काम करते हैं। जरूरत पड़ने पर वे मारपीट करने पर भी उतारू हो जाते हैं, उन्हें अपने नेता का अपमान बर्दाश्त नहीं होता। ऐसा नहीं है कि हर समय उनका सम्मान ही होता है। उनका निरादर भी होता है, तो भी वे विचारधारा से इतने बंधे हुए होते हैं कि वे अपनी पार्टी को समर्थन अंत में कर ही देते हैं।

आजाद सिपाही की टीम जब खूंटी लोकसभा में भ्रमण कर रही थी, तो पता चला कि वहां भी लड़ाई एकतरफा नहीं है। अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा में बहुत टाइट फाइट है। दोनों के समर्थकों में कमी नहीं है। कहीं-कहीं कालीचरण मुंडा खास कर इसाई और मुसलिम बहुल इलाकों में भारी ही दिखाई पड़ रहे हैं, लेकिन अर्जुन मुंडा भी अर्जुन मुंडा हैं। वह भी कोई कच्चे खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने भी स्थिति को भांपा हुआ है। वह दिन-रात एक किये हुए हैं। जनता के बीच जा रहे हैं। किसी क्षेत्र की जनता अपनी नाराजगी भी जाहिर कर रही है, लेकिन अर्जुन मुंडा चूंकि केंद्र के मंत्री भी हैं, तो उनकी मजबूरी को भी जनता समझ रही है। समर्थक लोगों को यह बता रहे हैं कि किस तरह उनके ऊपर पूरे देश के आदिवासियों का जीवन स्तर ऊपर उठाने का दायित्व मोदी जी ने सौंपा है। जिन लोगों के मन में गुस्सा था, वह गुस्सा काम को लेकर कम, समय को लेकर ज्यादा दिखा। लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, ये मुद्दे अब पीछे छूट रहे हैं। पंद्रह दिन पूर्व जब यह संवाददाता खूंटी में था, तो ज्यादातर लोगों का कहना था कि अर्जुन मुंडा क्षेत्र में समय नहीं देते। लेकिन इन पंद्रह दिनों में अर्जुन मुंडा ने अपनी उपस्थिति से उस गुस्से को कम कर दिया है। कुछ मुखिया लोगों से पहले भी बात हुई थी। उस समय उनकी नाराजगी बात-बात पर सामने आ रही थी, लेकिन इस बार के भ्रमण में उन लोगों का मिजाज बदला हुआ था। वह कह रहे थे कि अर्जुन मुंडा पर अकेले खूंटी की ही जिम्मेदारी नहीं है, वह देश के लिए काम कर रहे हैं। यह हम लोगों के लिए खुशी की बात है। उनका कहना था कि मोदी सरकार के तीसरी बार शासन में आते ही अर्जुन मुंडा फिर जिम्मेदार पद पर होंगे, उस समय खूंटी को बहुत कुछ मिल जायेगा। विपक्ष के उम्मीदवार जीतेंगे, भी तो क्या होगा। आखिर वह विपक्ष की कुर्सी पर बैठ कर खूंटी के लिए क्या कर सकते हैं। चुनाव नजदीक आते ही खूंटी में बदलाव दिखाई दिया। अब जनता को मुद्दों में नहीं, अपने नेताओं में इंटरेस्ट है। खूंटी में खास कर 'मोदी बनाम एंटी मोदी' ही फाइट है। वहां के लोग या तो मोदी की तारीफ कर रहे हैं या आलोचना।

## तमाड़ और अड़की में राजा पीटर की चर्चा

तमाड़ में राजा पीटर का अर्जुन मुंडा के समर्थन में उतरना, भाजपा के लिए सुकून वाली बात दिखी। इसमें दो राय नहीं कि गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर का काम करने का तरीका निराला है। वह हुजूम में चलना पसंद नहीं करते। प्रभावी लोगों के घरों पर दस्तक देना और उनके साथ चाय-नाश्ता करना लोगों को पसंद है। उनके कार्यकर्ता मुखर नहीं हैं, वे दिखावा में रुचि नहीं रखते। उनको काम से मतलब है। राजा पीटर ग्रामीण क्षेत्रों में खासी पैठ रखते हैं। इतने दिनों तक जेल में रहने के बाद भी उनके समर्थकों में उनको लेकर सम्मान कम नहीं हुआ है। वह राजा पीटर पर आंख मूंद कर विश्वास करते हैं। तमाड़ और अड़की के सुदूर गांवों में राजा पीटर काफी अंदर तक घुसे हुए हैं। युवाओं में उनकी स्टाइल भी पसंद है। कुछ युवा तो उनकी तरह अपने बाल भी बढ़ा लिये हैं। लोगों से बातचीत करने पर भ्रमण टीम को यह एहसास हुआ कि उन्होंने जब शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री रहते हुए यहां हराया था, तो वह महज संयोग नहीं था। उनकी स्टाइल, उनकी पहुंच ही जीत का मुख्य कारण बनी थी। उस समय वह नक्सलियों की मांद में भी घुस जा रहे थे, जहां जाने से सामान्य प्रत्याशी या पुलिस तक साहस नहीं कर पाती थी।

## लोहरदगा में कड़े मुकाबले का माहौल

आजाद सिपाही की टीम लोहरदगा भी गयी थी। वहां भी फाइट टाइट ही है। कोई भी प्रत्याशी किसी से कम नहीं है। समीर उरांव और सुखदेव भगत चैन की सांस तो न ही लें। कोई भी एक-दूसरे को हलके में भी नहीं ले। अभी दोनों प्रत्याशियों को मैदान में डटे रहना होगा। लोहरदगा की लड़ाई भी अंत तक जायेगी, चाहे वह लड़ाई लोहरदगा क्षेत्र के किसी कोने में हो। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी यहां अपना संगठन मजबूत कर लिया है। सुखदेव भगत अगर मैदान में पूरी मुश्तैदी से डंटे हैं, तो इसमें झामुमो का भी बहुत बड़ा योगदान है। कहीं-कहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्यादा झामुमो के कार्यकर्ता उनके लिए ज्यादा पसीना बहा रहे हैं। हां, कुछ झामुमो कार्यकर्ता यहां से झामुमो का उम्मीदवार नहीं देने के कारण नाराज भी दिखे। दूसरी तरफ समीर उरांव को लेकर लोगों में वह शिकायत नहीं दिखी, जो सांसद सुदर्शन भगत को लेकर थी। समीर उरांव के मिलनसार स्वभाव की चर्चा भी सुनने को मिली। वहीं बाबूलाल मरांडी ने भी जिस तरीके पूरा झारखंड भ्रमण किया, उससे भाजपा को बहुत लाभ मिला है। लोहरदगा में भी उनके भ्रमण का असर दिखा। भाजपा भी झारखंड में संगठनात्मक स्तर बहुत मजबूत हुई है। बाबूलाल मरांडी का काम दिखाई भी दे रहा है। वहीं कांग्रेस की बात करें, तो सबसे कमजोर संगठन अगर किसी दल का है, तो वह कांग्रेस ही है। कांग्रेस में कार्यकर्ता कम, नेताओं की बाढ़ सी आ गयी है। कांग्रेस आज उसी राह पर दिख रही है, जिस राह पर 2019 में झारखंड में भाजपा थी। भाजपा सरकार के समय कार्यकर्ताओं की संख्या कम हो गयी थी। सभी नेता बन गये थे। उनको नेता जी का संबोधन ज्यादा प्रिय लगने लगा था। लेकिन झारखंड की सत्ता से उतरने के बाद भाजपा की यह बीमारी लगभग समाप्त हो गयी है। यह लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के समय देखने को मिला। यहां सुदर्शन भगत से लेकर दिनेश उरांव, शिवशंकर उरांव से लेकर ओम सिंह तक तमाम लोगों के व्यवहार में गजब का परिवर्तन आया है। आज की तारीख में सभी अपने को भाजपा का सिपाही बता रहे हैं और समीर उरांव के लिए पसीना बहा रहे हैं। लोहरदगा लोकसभा भ्रमण के दौरान इस टीम ने पाया कि कांग्रेस को अगर झामुमो का साथ नहीं मिलेगा, तो झारखंड में भी उसका हाल यूपी वाला हो जायेगा। कांग्रेसी भी कह रहे हैं कि पार्टी का हाल कैसा हो गया है। टिकट दे-देकर वापस ले लिया जा रहा है। कांग्रेस अपना दुश्मन खुद तैयार कर रही है। अभी तक पूरी सीटों पर इसने अपना उम्मीदवार नहीं दिया है। पता नहीं अब और कौन कौन सा उम्मीदवार बदलेगा। लोहरदगा में खांटी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि यहां जनता से ज्यादा कांग्रेसी गुटों को एक करने की जरूरत है। उनका कहना था कि जब तक मंत्री रामेश्वर उरांव, बंधु तिर्की और धीरज साहू सुखदेव भगत के लिए कंधा से कंधा मिला कर नहीं चलेंगे, लड़ाई कांग्रेस के हाथ से दूर चली जायेगी। अभी भी समय है, पार्टी आलाकमान को इन नेताओं को एक मंच पर लाना ही होगा, अगर लोहरदगा में टाइट फाइट देनी है, तो। वैसे सुखदेव भगत दिन रात एक किये हुए हैं। वह हर उस दरवाजे पर जा रहे हैं, जहां उन्हें जाना चाहिए। लोकप्रियता उनके लिए समस्या नहीं है।

## हर तरफ है मिला-जुला जोर

लोहरदगा और खूंटी के गावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए प्रेम दिखता है, तो शहरों में भाजपा का कोई तोड़ नहीं। प्रत्याशी एक-दूसरे को कमजोर करने के लिए तीसरे का भी सहारा लेने से भी नहीं चूकेंगे, क्योंकि जहां मामला टाइट होता है, वहां तीसरा प्रत्याशी ही किसी के लिए वरदान साबित होता है। खूंटी और लोहरदगा की बात की जाये, तो तीसरे आदमी वाला खेल होगा, तभी किसी का खेल बनेगा या बिगड़ेगा। लोहरदगा में चमरा लिंडा और खूंटी में एनोस एक्का की झापा के उम्मीदवार किसी प्रत्याशी की किस्मत चमका सकते हैं, तो किसी की खराब करने की स्थिति में हैं। सबकी निगाहें उनकी तरफ हैं। अब यह थर्ड मैन ही थर्ड अंपायर का काम करेगा। वैसे बड़े स्तर पर देखा जाये, तो इस बार का चुनाव 'मोदी बनाम एंटी मोदी' होने वाला है। राम मंदिर को लेकर जनता में बहुत गहरा प्रभाव है। केंद्रीय योजनाओं की भी चर्चा है। मुद्दे तो कई हैं, लेकिन चुनाव आते-आते मुद्दा सिर्फ 'ओनली मोदी'। या तो मोदी चाहिए या नहीं चाहिए।

# ढुल्लू पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** धनसार थाना में भाजपा के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर एफआइआर दर्ज हुई है। उनके अलावा पतराकुल्ही फुटबाल मैदान में चुनावी सभा के आयोजक सोना रजक, मनोज चौहान, बिनोद चौहान, संजय चौहान, बंटी सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। अंचल कार्यालय धनबाद के राजस्व उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में मंगलवार को एफआइआर दर्ज हुई है। देवेंद्र सिंह की तरफ से कहा गया कि 15 अप्रैल की रात में पतराकुल्ही फुटबाल मैदान में ढुल्लू महतो ने एक चुनावी सभा की थी। इसका वीडियो वायरल हुआ। वीडियो वायरल होते ही धनबाद सीओ शशिकांत सिंकर ने इसकी जांच करने का आदेश राजस्व उपनिरीक्षक देवेंद्र को दिया। जांच में मामला सही पाकर देवेंद्र ने इसकी रिपोर्ट सीओ को दी। इसके बाद सीओ ने 19 अप्रैल को ज्ञापांक 400 के तहत पत्र जारी कर देवेंद्र को धनसार थाना में मामला दर्ज कराने का निर्देश दिया।

# टिकट नहीं मिलने से नाराज रामटहल चौधरी ने कहा
# हारने के लिए चुनाव लड़ रहा इंडी गठबंधन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद रामटहाल चौधरी हाल के दिनों में कांग्रेस में इस उम्मीद के साथ शामिल हुए थे कि उन्हें पार्टी रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनायेगी। लेकिन इंडी गठबंधन ने रांची लोकसभा सीट से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया है। उसके बाद से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के मंसूबे पर पानी फिर गया है और अब पूर्व सांसद यह कह रहे हैं कि कांग्रेस में रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की शर्त पर शामिल हुआ था। कांग्रेस जीती हुई सीट को हार गयी है। राज्य में इंडी गठबंधन चुनाव हारने के लिए चुनाव लड़ रहा है।

## चर्चित मुकाबला

# दिल्ली में 28 साल बाद एक बार फिर दो वकील आमने-सामने




**प्रशांत**

**पहले** सुषमा स्वराज बनाम कपिल सिब्बल और अब बांसुरी स्वराज बनाम सोमनाथ भारती। दिल्ली 28 साल बाद एक बार फिर से काले कोट (अधिवक्ताओं) के बीच जंग का गवाह बनने जा रही है। साल 1996 के चुनाव में दक्षिण दिल्ली क्षेत्र में भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस के कपिल सिब्बल आमने सामने थे। इस बार नयी दिल्ली क्षेत्र में दिवंगत नेत्री सुषमा स्वराज की पुत्री और पेशे से मां की तरह ही अधिवक्ता बांसुरी स्वराज के सामने इसी पेशे से जुड़े आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती हैं। तब सुषमा ने अपने कांग्रेसी प्रतिद्वंद्वी सिब्बल को मात दी थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बार भारती और बांसुरी में से कौन बाजी मारता है। सोमनाथ भारती ने बांसुरी स्वराज की उम्मीदवारी की घोषणा के अगले दिन 3 मार्च को ही उन पर आरोपों की झड़ी लगा दी थी और वह लगातार उन पर उनकी वकालत को लेकर आरोप लगा रहे हैं। सोमनाथ भारती मीडिया के समक्ष आने के अलावा जनसंपर्क के दौरान बांसुरी स्वराज पर हमले बोल रहे है। उन्होंने आरोप लगाये हैं कि बांसुरी ने देश को धोखा देने वालों की कोर्ट में पैरवी की है। इसके अलावा वह केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों को तथाकथित मामलों में गिरफ्तार कर रही इडी की वकील हैं। नयी दिल्ली क्षेत्र से बांसुरी स्वराज और सोमनाथ भारती के मैदान में उतरने के साथ ही दिल्ली में साल 1996 की तरह काले कोट वालों के बीच रोचक जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। दिल्ली में यह मंजर लोकसभा चुनाव में दूसरी बार देखने को मिल रहा है। साल 1996 में कपिल सिब्बल ने सुषमा स्वराज पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी दी थी। वहीं, सुषमा स्वराज ने उनकी चुनौती को स्वीकार करते जवाब दिया था कि काला कोट उनके पास भी है। लिहाजा वह उनकी धमकी से डरने वाली नहीं हैं। ऐसा ही कुछ नजारा 3 मार्च से दिल्ली में दिखाई देने लग गया है। जैसे सुषमा स्वराज पर कपिल सिब्बल हमलावर रहते थे, वैसे ही बांसुरी पर सोमनाथ भारती हमले बोल रहे हैं। बांसुरी स्वराज अपनी मां की तरह अपने प्रतिद्वंद्वी के आरोपों का जवाब देने और पलटवार करने में कोई रुचि नहीं ले रही हैं। वह एक ही बात कहती है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। वह अपनी सफाई में एक ही बात कह रही हैं कि सोमनाथ भारती जांच-पड़ताल किये बिना उनकी वकालत पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। सुषमा स्वराज और कपिल सिब्बल ने वर्ष 1996 से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था।

# इडी-सीबीआइ से लेकर सीआइडी-पुलिस में काम कर चुके अफसर भी आजमा रहे किस्मत

## चुनावी नशा




**सलोनी**

**देश** में इस समय लोकसभा के चुनाव का माहौल है। ये चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून को खत्म होंगे। लोकसभा के पहले चरण का मतदान हो चुका है, जबकि 26 अप्रैल को दूसरे दौर का मतदान है। इस बीच कई सीटों पर मुकाबले तय हो गये हैं। इस चुनाव में कई ऐसी भी सीटें हैं, जहां से पूर्व नौकरशाह चुनाव लड़ रहे हैं।

### उत्तरप्रदेश

80 सीटों वाले राज्य यूपी में भी कई पूर्व नौकरशाह लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चर्चित उम्मीदवारों की बात करें तो सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा (आइआरएस) अधिकारी सुरेश सिंह मथुरा से चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा से चुनाव लड़ रहे सुरेश सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और भारतीय राजस्व सेवा में काम किया है। इस सीट पर अभी भाजपा से फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद हैं और एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। वहीं, कांग्रेस ने मुकेश धनगर को अपना चेहरा बनाया है। कौशांबी सीट पर बसपा ने पूर्व पुलिस उपाधीक्षक शुभ नारायण गौतम को अपना उम्मीदवार बनाया है। वह 1982 में सब इंस्पेक्टर के रूप में पुलिस में भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने प्रयागराज और लखनऊ समेत कई जनपदों में सर्किल अफसर के रूप में काम किया। 2019 में सेवानिवृत्त होने के बाद वह बसपा में शामिल हो गये। इस चुनाव में शुभ नारायण गौतम का मुकाबला भाजपा के विनोद सोनकर और सपा के पुष्पेंद्र सरोज से है। 2019 में कौशांबी सीट पर भाजपा से विनोद सोनकर को जीत मिली थी।

### बिहार

40 सीटों वाले बिहार में आरा एक चर्चित सीट है। पूर्व आइएएस अफसर आरके सिंह लगातार तीसरी बार आरा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। आरके सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह 1975 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए थे। अपने करियर के दौरान आरके सिंह ने बिहार के गृह सचिव, राज्य के लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव, भारत सरकार के रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव और भारत के गृह सचिव के रूप में सेवाएं दीं। इस चुनाव में आरके सिंह के सामने भाकपा माले से सुदामा प्रसाद हैं। भाकपा माले राज्य में महागठबंधन में शामिल है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में आरा लोकसभा सीट पर भाजपा के आरके सिंह को जीत मिली थी। चुनाव जीतने के बाद आरके सिंह मोदी सरकर का हिस्सा भी बने।

### पंजाब

राज्य की अमृतसर सीट पर भाजपा ने पूर्व राजनयिक तरणजीत सिंह संधू को अपना उम्मीदवार बनाया है। हाल ही में राजनीति में आये संधू अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। पूर्व आइएफएस अधिकारी के सामने आम आदमी पार्टी से मंत्री कुलदीप धालीवाल और कांग्रेस से गुरजीत सिंह औलजा हैं। इस सीट पर अभी कांग्रेस के गुरजीत सिंह औलजा सांसद हैं। बठिंडा लोकसभा क्षेत्र से आइएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू चुनाव लड़ रही हैं। वह भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं। हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं परमपाल वालंटियर रिटायरमेंट की प्रक्रिया को अपना कर चुनावी किस्मत आजमा रही हैं। इस चुनाव में परमपाल कौर सिद्धू के सामने आप से मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, कांग्रेस से जीत महिंदर सिद्धू और शिरोमणि अकाली दल से हरसिमरत कौर बादल हैं। फिलहाल इस सीट पर शिअद की हरसिमरत कौर सांसद हैं।

### तमिलनाडु

राज्य में पहले चरण में सभी 39 सीटों पर मतदान हो चुका है। इस चुनाव में तमिलनाडु की एक कोयंबटूर सीट की खूब चर्चा हुई। दरअसल, यहां से भाजपा ने पूर्व आइपीएस के अन्नामलाई को टिकट दिया था। वर्तमान में वह तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष हैं। अन्नामलाई 2011 बैच के कर्नाटक में एक आइपीएस अधिकारी रहे हैं। बतौर आइपीएस अफसर उन्होंने उडुपी, चिकमंगलूर और बेंगलुरु में सेवाएं दीं। अन्नामलाई के काम के चलते लोग उन्हें 'कर्नाटक पुलिस का सिंघम' कहते थे। राज्य की एक अन्य सीट तिरुवल्लुर पर पूर्व आइएएस अधिकारी शशिकांत सेंथिल की चुनावी किस्मत इवीएम में कैद हो चुकी है। सेंथिल कांग्रेस से उम्मीदवार बनाये गये थे। राजनीति में आने के लिए उन्होंने 2019 में सिविल सेवा छोड़ दी थी। इस चुनाव में उनके सामने डीएमडीके से के नल्ला थंबी और भाजपा से पीवी बालागणपति थे।

### पश्चिम बंगाल

42 लोकसभा सांसद भेजने वाले बंगाल में भी पूर्व अफसर सियासी भाग्य आजमा रहे हैं। पूर्व आइपीएस अधिकारी देबाशीष धर बीरभूम सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। 2010 बैच के आइपीएस अधिकारी ने पिछले महीने सेवा से इस्तीफा दे दिया। धर ने सीबीआइ में भी काम किया है। इस चुनाव में देबाशीष धर के सामने टीएमसी से शताब्दी रॉय और कांग्रेस से मिल्टन रशीद हैं। 2019 में बीरभूम सीट पर टीएमसी से शताब्दी रॉय को जीत मिली थी। राज्य की एक अन्य सीट मालदा उत्तर पर पूर्व आइपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी चुनाव मैदान में हैं। प्रसून को टीएमसी ने उम्मीदवार बनाया है। हाल ही में उन्होंने अपनी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। 2006 बैच के आइपीएस अधिकारी प्रसून ने दक्षिण दिनाजपुर और मालदा में पुलिस अधीक्षक (एसपी), और बालुरघाट और मालदा में पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) और अपराध जांच विभाग (सीआइडी) में भी काम कर चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रसून बनर्जी के सामने भाजपा से खगेन मुर्मू और कांग्रेस से मुश्ताक आलम हैं। इसके अलावा भी देश के अलग अलग राज्यों में पूर्व अफसर बतौर निर्दलीय या क्षेत्रीय दलों के उम्मीदवार के रूप में चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।

## धनपति उम्मीदवार

# टीडीपी के चंद्रशेखर हैं अब तक के सबसे अमीर उम्मीदवार




**राजवीर**

**गुंटूर** लोकसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी के डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी अब तक के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। अपने चुनावी हलफनामे में 5785 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति घोषित कर वह सुर्खियों में आ गये हैं। डॉ चंद्रशेखर ने अपने चुनावी हलफनामे में 5785 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति घोषित की है, जो संभावित रूप से उन्हें मौजूदा चुनावी दौड़ में सबसे धनी प्रत्याशियों में से एक बनाती है। उनके द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, उनकी व्यक्तिगत संपत्ति 2448.72 करोड़ रुपये, जबकि उनकी पत्नी श्रीरत्ना कोनेरू के पास 2343.78 करोड़ रुपये और बच्चों के पास लगभग एक हजार करोड़ रुपये की संपत्ति है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में लगभग 717 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष पर हैं। चंद्रशेखर के परिवार पर ऋण सुविधा के रूप में अमेरिका के जेपी मॉर्गन चेस बैंक की 1138 करोड़ रुपये की देनदारी है। आंध्र प्रदेश के बुर्रिपालेम गांव से लेकर जांस हॉपकिंस विश्वविद्यालय - सिनाई अस्पताल में चिकित्सक शिक्षक के रूप में काम करने से लेकर यूवर्ल्ड (ऑनलाइन शिक्षण और अध्ययन संसाधन मंच) की स्थापना तक चंद्रशेखर का सफर काफी रोमांचक रहा है। चंद्रशेखर ने 1999 में एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज विजयवाड़ा से एमबीबीएस किया। उन्होंने 2005 में डेनविले, पेंसिल्वेनिया में गेइजिंगर मेडिकल सेंटर से एमडी (आंतरिक चिकित्सा) की उपाधि ली। उन्होंने राज्य में इएएमसीइटी मेडिकल प्रवेश परीक्षा (एमबीबीएस) देने वाले 60 हजार छात्रों के बीच 27वीं रैंक हासिल की, जिसे देश में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा माना जाता था। सार्वजनिक सेवा में रुचि रखने वाले चंद्रशेखर पार्टी के कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का समर्थन करने के लिए 2010 से टीडीपी की एनआरआइ विंग की ओर से काम कर रहे हैं। हालांकि वह 2014 में नरसरावपेट क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन टीडीपी ने राजनीतिक मुद्दों के कारण आर संबाशिव राव को टिकट आवंटित कर दिया। अपनी पत्नी के साथ एक संयुक्त रूप से जमा दस्तावेज में उन्होंने अमेरिका में अमेरिकी कर चक्र वर्ष जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के बीच 605.57 करोड़ रुपये की घोषणा की। उन्होंने अमेरिका स्थित कई कंपनियों में निवेश किया है और उनके पास इनके शेयर हैं। उनके पास अमेरिका में रोल्स रॉयस घोस्ट, मर्सिडीज बेंज और टेस्ला जैसी लग्जरी कारें भी हैं।

## यूपी का दंगल

# पश्चिम के रण में सरकार के साथ ही भाजपा संगठन की भी परीक्षा




**अक्षय**

**पश्चिमी यूपी** के चुनावी रण में सरकार के साथ ही प्रदेश भाजपा संगठन की तैयारियों की भी परीक्षा होगी। 26 अप्रैल को दूसरे चरण की भी आठ सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इन सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के सियासी कौशल की परीक्षा तो होगी ही, पर असली परीक्षा सत्ताधारी होने के नाते भाजपा के प्रदेश संगठन और सहयोगी दल के प्रमुख चेहरों की होगी। साथ ही बड़े जाट चेहरे के तौर पर प्रमुख सहयोगी रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के प्रभाव की भी परीक्षा होगी। भाजपा इस बार प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी है। पार्टी के सामने जाटलैंड की कठिन सियासी जमीन पर कमल खिलाने को एक बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। क्योंकि 2019 के चुनाव में विपक्षी दल भाजपा पर भारी पड़े थे। इस लिहाज से जाटलैंड की लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराना एनडीए और इंडिया दोनों के लिए चुनौती है।

### जयंत की साख भी कसौटी पर

जाटलैंड की इन सभी सीटों पर एनडीए के साझीदार के तौर रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की साख की भी परख होनी है। जाटलैंड में शामिल ढाई दर्जन सीटों में से रालोद कोटे में भले ही बिजनौर और बागपत सीट हो, लेकिन रालोद प्रमुख जयंत की साख की परीक्षा जाटलैंड की सभी सीटों पर होने जा रही है। पहले चरण में जिन आठ सीटों पर मतदान हो चुका है, उनमें से सहारनपुर, रामपुर, नगीना, बिजनौर और मुरादाबाद में 2019 में भगवा खेमे को पराजय का सामना करना पड़ा था। वहीं, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में मतदान होना है। इनमें से अमरोहा सीट ही 2019 में भाजपा हारी थी। इस प्रकार देखा जाये तो 2019 के चुनाव में जाटलैंड की छह सीटों पर भाजपा को विपक्ष से मात मिली थी। परिणामों और मतदाताओं के मिजाज को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार के चुनाव में सरकार से अधिक संगठन की रणनीतिक तैयारी की असल परीक्षा होगी। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है कि इन सीटों में शामिल मुरादाबाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का गृह जिला है और वह लंबे समय से इस क्षेत्र की चुनावी तैयारियों पर फोकस किये हुए हैं। पार्टी के महामंत्री (संगठन) धर्मपाल भी बिजनौर के रहनेवाले हैं। माना जा रहा है कि पिछड़ा वोटबैंक के साथ ही जाटलैंड की सियासत को साधने के उद्देश्य से ही इस क्षेत्र के दोनों पदाधिकारियों को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी गयी। इसलिए इनकी साख की भी परीक्षा है।

# झारखंड के 366 मतदान केंद्रों पर तैनात होंगे बाइक सवार हरकारे

## चुनावी इंतजाम



**राजीव**

**झारखंड** के 322 इलाकों में आज तक संचार क्रांति दस्तक नहीं दे सकी है। फोन, मोबाइल या इंटरनेट की दुनिया यहां के वाशिंदों से अभी भी दूर है। चुनाव आयोग की लाख मशक्कत के बाद भी इस बार के लोकसभा चुनाव में ऐसे इलाकों के 366 मतदान केंद्रों के लिए किसी तरह का संचार नेटवर्क बहाल नहीं किया जा सका। ये ऐसे दुर्गम इलाके हैं, जहां लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया सुचारू करने के लिए भी तत्काल लैंडलाइन फोन या इंटरनेट सेवा का पहुंचाना संभव नहीं। इस कारण हर मतदान केंद्र से वोट के दिन वेबकास्टिंग का संकल्प पूरा होता नहीं दिख रहा है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने ऐसे मतदान केंद्रों से संवाद कायम रखने के लिए बाइक सवार हरकारों (संदेशवाहक) की सेवा लेने का फैसला किया है। ये हरकारे सेटेलाइट फोन के साथ ऐसे इलाकों में घूमते रहेंगे और एक बूथ से दूसरे बूथ पर जाकर मतदान अधिकारियों की बात प्रशासनिक या चुनाव आयोग के पदाधिकारियों से करायेंगे। संचार छाया इलाके (टेली कम्यूनिकेशन शैडो एरिया) यानी जहां किसी भी संचार नेटवर्क की पहुंच नहीं है, के रूप में चिह्नित ऐसे स्थानों के मतदान केंद्रों से संवाद नहीं टूटने देने के लिए चुनाव आयोग ने राज्य पुलिस के माध्यम से वैकल्पिक संचार साधन के रूप में वायरलेस सेट के भी इंतजाम किये हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में टेली शैडो एरिया के मतदान केंद्र चुनाव आयोग की नजर से दूर होंगे। नेटवर्क नहीं होने की वजह से ऐसे मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग संभव नहीं होगी। कई जिलों में मोबाइल ऑपरेटर को बुला कर नजदीकी टॉवर की फ्रीक्वेंसी भी बढ़ा कर संचार माध्यम बहाल करने की कोशिश की गयी है। इससे कई मतदान केंद्रों पर नेटवर्क मिला भी है, परंतु, कमजोर नेटवर्क होने की वजह से आयोग का केवल उसी पर आश्रित रहना संभव नहीं है। संचार नेटवर्क से दूर रहने की संवेदनशीलता को भांपते हुए चुनाव आयोग ने सुरक्षा बलों की तैनाती में विशेष सावधानी बरतने का फैसला किया है। अतिरिक्त बलों की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे इलाकों से संबंधित थानों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहां पुलिस फोर्स की भी अतिरिक्त व्यवस्था की गयी है।


### 18 जिलों में हैं बिना संचार नेटवर्क वाले इलाके

राज्य के 24 में से 18 जिलों में बिना संचार नेटवर्क वाले इलाके हैं। केवल छह जिलों धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा में ही ऐसे इलाके नहीं हैं। बिना संचार नेटवर्क वाले सबसे अधिक 87 मतदान केंद्र पश्चिम सिंहभूम जिले में हैं। वहीं सिमडेगा में 65, गुमला में 47 और खूंटी में 30 मतदान केंद्र ऐसे इलाके में हैं।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि बिना संचार नेटवर्क वाले इलाकों में संचार का प्रबंध किया गया है। वहां मोबाइल बूस्टर लगाया गया है। राइडर प्रतिनियुक्त किये गये हैं। वायरलेस सेट का समुचित इंतजाम किया गया है। इसके अलावा सेटेलाइट फोन की व्यवस्था भी की गयी है। पूरा वैकल्पिक इंतजाम है। आयोग सभी मतदान केंद्रों से लगातार जुड़ा रहेगा। कहीं भी किसी तरह की कोई परेशानी या अव्यवस्था नहीं होने दी जायेगी।

## रोचक किस्सा

# एक वोटर के लिए पोलिंग टीम 482 किमी दूर गयी थी



**विद्यासागर**

**एक** मतदाता के लिए पोलिंग टीम को तीन सौ मील जाना पड़ा था, तब जाकर एक महिला मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर सकी। कुछ ऐसी ही सच्ची कहानियों के जरिये लोकसभा चुनाव में मतदान के महत्व को लेकर युवाओं और लोगों को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से जागरूक किया जा रहा है।

मतदान में भागीदारी को बढ़ाने के लिए इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को एक्टिव कर दिया है, जिसमें सच्ची स्टोरी के साथ फिल्मों के डायलॉग और 100 साल से ऊपर के बुजुर्ग मतदाता कैसे मतदान के प्रति उत्साहित रहते हैं, को एक्स पेज पर शेयर किया जा रहा है। बताया गया कि साल 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में 111 वर्षीय बचन सिंह (सबसे उम्रदराज बुजुर्ग) ने मतदान किया था।

### अकेली महिला मतदाता की स्टोरी

चुनाव आयोग के एक्स हैंडल पर पोस्ट स्टोरी में बताया गया है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव के दौरान गैमर बाम और उनकी टीम ने उत्तर-पूर्व भारत के सुदूर गांव मालोगम में एक मतदान केंद्र स्थापित करने का प्रयास शुरू किया। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों के साथ पोलिंग टीम को 300 मील यानी करीब 482.8 किमी का सफर पूरा करना पड़ा। लॉजिस्टिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए टीम अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध रही, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अकेली महिला मतदाता सोकेला तायांग अपना वोट डाल सकें। सोशल मीडिया पर यह स्टोरी काफी चर्चित है और लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।

### एक वोट की कीमत तुम क्या जानो

वर्ष 2004 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में एक उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी को मात्र एक वोट से हरा दिया। ऐसा ही राजस्थान में 2008 के विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला। यहां भी दो उम्मीदवारों के बीच जीत का फासला महज एक वोट का रहा। इसमें जिला स्तर पर भागीदारी बढ़ाने के प्रयास को भी शेयर किया जा रहा है, जिसमें देहरादून प्रशासन का डायलॉग चर्चित हो रहा है-तुम्हारे पास क्या है, मेरे पास वोट करने का अधिकार है, खूब पसंद किया जा रहा है।

### 28 लाख मतदाता का हट गया था नाम

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से भारतीय चुनावों से जुड़े कई रोचक किस्से भी शेयर किये जा रहे हैं। एक किस्से में बताया गया है कि पहले आम चुनाव के दौरान जब चुनाव आयोग के प्रतिनिधियों ने चुनावी डेटा इकठ्ठा करने के लिए गांवों का दौरा किया तो बड़ी संख्या में महिलाओं ने अजनबियों के साथ अपना नाम साझा करने से इनकार कर दिया। इसके बजाय पूछे जाने पर अधिकतर गलत नाम की जानकारी दी गयी। नतीजा यह हुआ कि प्रथम चुनाव के दौरान मतदाता सूची से 28 लाख नाम हटा दिया गया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,800 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो



# कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़नेवाला : संजय सेठ

**कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद सह बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस के मंसूबे इस देश को लेकर हमेशा ही बांटने वाले और बर्बाद करने वाले रहे हैं। कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हिंदू-मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है। बीजेपी प्रत्याशी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता।

## विपक्ष पर हमला बोला

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाये। इसे आज पूरे देश को समझने की जरूरत है। कोई दो बच्चे का पिता दिन-रात कठिन परिश्रम अपने परिवार के लिए करता है। अपनी संपत्ति अर्जित करता है और उसे 10 बच्चों वाले परिवार को बांटने की बात कांग्रेस कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सेठ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं से मेरा सवाल है कि वह बतायें कि घोषणा पत्र के पीछे उन्होंने ऐसा क्यों किया?

## 140 करोड़ देशवासियों की बात करते हैं मोदी

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्षों के शासन काल में हमेशा 140 करोड़ देशवासियों की बात की। बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी हिंदू-मुसलमान के उन्होंने हर किसी को, हर जरूरतमंद को आवास उपलब्ध कराया। बिजली का कनेक्शन दिया। उज्ज्वला कनेक्शन दिया। जनधन खाता खोले। सुकन्या समृद्धि योजना दी। गरीब कल्याण के तहत मुफ्त अनाज दिया। उसमें मोदी ने यह नहीं कहा कि यह हिंदुओं की योजना है। यह मुसलमान की योजना है, परंतु कांग्रेस अपने एजेंडा में इसे शुरू से ही शामिल करती रही है। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

### कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने संजय सेठ पर साधा निशाना

# 16 लाख करोड़ पूंजीपतियों का क्यों माफ किया?

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है, ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनायी, उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया और देश की जनता कंगाल होते चली गयी। इसकी जानकारी देशवासियों को होना जरूरी है।

कहा कि कांग्रेस इसलिए भी संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है, ताकि जनता यह जान सके कि भाजपा के नेताओं ने कैसे अनैतिक तरीके से अथाह संपतियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यूं किया गया। इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए। मोदी ने जितनी राशि पूंजीपति मित्रों का माफ किया उससे दस करोड़ अन्नदाता किसान परिवारों का कर्ज माफ किया जा सकता था और किसानों को आत्महत्या करने से बचाया जा सकता था। कहा कि भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई और बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री ने देश को गर्त में पहुंचा दिया। संजय सेठ यह बतायें कि अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी सदन में महंगाई, बेरोजगारी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण की आवाज लोकसभा में क्यों नहीं उठायी। यदि इन मुद्दों को उन्होंने सदन में उठाया है, तो राज्य की जनता के समक्ष प्रमाण देना चाहिए।

राकेश सिन्हा ने कहा कि सिर्फ झूठ बोलकर केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार को वह ढक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भाजपा और उसके नेता नरेंद्र मोदी के झूठ और समाज को बांटने की राजनीति को समझ चुकी है और वोट के माध्यम से चोट करने के लिए तैयार बैठी है।

# वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के पास सतर्क रहें वनरक्षी: के रवि कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान कराने के उद्देश्य से बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने की। कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आसपास मतदान दिवस के दिन मानव और वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें कि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। रवि कुमार ने कहा कि समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों और शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगायें। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डॉ नेहा अरोड़ा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एनके सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एसआर नटेश, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, सिस्टम एनालिस्ट सैयद नासिर जमील सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी और सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**रांची। लोकसभा आम निर्वाचन और गांडेय विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों और संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और गांडेय विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।**

**आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित करायें**

**रांची।** निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा जैसे रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते। उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें। साथ ही उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित करायें। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों।

# साल 1984 की इंदिरा लहर में तिलकधारी सिंह बने थे रिकॉर्ड मतों से कोडरमा सांसद

संजीव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** साल 1984 में हुआ लोकसभा चुनाव कांग्रेस की रिकॉर्ड तोड़ जीत के लिए याद किया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से पैदा हुई हमदर्दी और तुरंत हुए चुनाव के बाद राजीव गांधी फिर प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कोडरमा से कांग्रेस के टिकट पर तिलकधारी सिंह पहली बार सांसद चुने गये। साल 1984 में कोडरमा से कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिनमें मुख्य मुकाबला कांग्रेस के तिलकधारी सिंह और भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा के बीच हुआ था। तिलकधारी सिंह को 208731 वोट मिले थे, जो कुल मतदान का 58.8 प्रतिशत था, वहीं तब लगातार दो बार सांसद रह चुके रीतलाल प्रसाद वर्मा को 97348 वोट ही मिले थे, जो मतदान का 27.45 प्रतिशत था। इनके अलावा निर्दलीय एनामुल हक को 10453, जनता पार्टी से विश्वनाथ मोदी को 10057, निर्दलीय नंदलाल गोप को 7392, निर्दलीय रामकिशोर मेहता को 5639, झामुमो के प्रदीप कुमार सरकार को 4470, निर्दलीय दिनेश सिंह को 3155, निर्दलीय अबुइनाम अख्तर को 1974, निर्दलीय इंद्र कुमार अग्रवाल को 1951, निर्दलीय सुधा रानी सिन्हा को 1903, आइसीजे से युगल किशोर प्रसाद को 1043 और निर्दलीय बुरहान साहू को 570 वोट मिले थे। तब कुल मतदाताओं की संख्या 766871 थी, जिसमे 366462 ने अपने मत डाले थे, जो कुल मतदान प्रतिशत 47.79 था।

## शिक्षक की नौकरी छोड़ राजनीति में आये तिलकधारी

गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के चतरो गांव में 8 जनवरी 1938 में जन्मे तिलकधारी सिंह के पिता पंचानन सिंह अपने पंचायत के मुखिया थे, वहीं मां नुपूर देवी कुशल गृहिणी थी। रांची विश्वविद्यालय से बीएससी करने के बाद 1962 में चकाई हाई स्कूल में वे विज्ञान के शिक्षक रहे। लेकिन 1968 में शिक्षक की नौकरी छोड़ कर पहली बार मुखिया का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बाद में वह गिरिडीह जिला परिषद के अध्यक्ष चुने गये। 1971 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने के बाद 1977 में तिलकधारी प्रसाद सिंह गिरिडीह जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने। इसके बाद 1980 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर धनवार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीत कर विधानसभा पहुंचे। 1984 में कांग्रेस ने उन्हें कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाया और भारी मतों के अंतर से जीत कर वह संसद पहुंचे। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर अकेले तिलकधारी प्रसाद सिंह ने सात बार चुनाव लड़ा। लेकिन सफलता सिर्फ दो बार मिली। 1984 में कांग्रेस पार्टी की लहर में जीत हासिल हुई। दूसरी बार 1999 के चुनाव में फिर जीते, लेकिन इसके बाद कभी वापसी नहीं कर सके। इन दिनों वह बीमार हैं और अपने आवास पर ही रहते हैं।

# झारखंडी खुद बनाता है अपनी राह: कल्पना

**विदेश में पढ़ाई कर रहे छात्र की उपलब्धि से कल्पना खुश**

**कहा, हेमंत जी से मुलाकात होगी तो बताऊंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विदेश में रह कर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। आगे लिखा है कि कोई भी विपत्ति आये, झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चल कर अपनी मंजिल को भी पाता है, क्योंकि झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत विदेश में अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए बधाई संजय। फिर लिखा कि मुझे विश्वास है आप और आपकी तरह मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत शिक्षा लेने वाले अन्य युवा भी कई और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। पुनः हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

कल्पना ने लिखा है कि हेमंत जी से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वह आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है। वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नयी-नयी जानकारी सीखेंगे, तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पायेंगे। यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़ कर नहीं देखेगा। आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

### देश में इलेक्टोरल बांड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम

# भाजपा के षड्यंत्र को जनता समझ चुकी है: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर झामुमो ने सवाल खड़ा किया। केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गये।

बीजेपी सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉड बांड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के प्रत्याशी थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गये हैं, लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। गुजरात में बीजेपी अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया। कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गये। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है।

## भाजपा को सता रहा हार का डर



**सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस बार राजनाथ सिंह अपने संबोधन में बोले की एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं। ऐसे में उन्हें कौन हरा सकता है। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्हें हार का डर सताने लगा है। हालांकि झामुमो ने यह दावा किया है कि चुनाव आयोग और भाजपा कितनी भी षड्यंत्र रच ले, जनता का साथ उनके साथ रहेगा। झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत साउथ के प्रदेश दिशा तय करेंगे।**

### देवघर एम्स : सरकार ने कोर्ट को बताया

# बिजली, पानी के साथ फायर फाइटिंग की भी व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि देवघर एम्स में बिजली, पानी आदि की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है जो सुविधा बची है, उन्हें भी शीघ्र मुहैया कर दिया जायेगा। फायर फाइटिंग के लिए तात्कालिक रूप से व्यवस्था की जा रही है। एम्स कर्मियों के बच्चों के लिए सेंट्रल स्कूल बनाने के लिए जगह चिह्नित कर दिया गया है, वहां जल्द सेंट्रल स्कूल खोला जायेगा। कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर एम्स देवघर को प्रतिउत्तर दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 2 मई निर्धारित की है। दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान डीजी फायर अनिल पालटा कोर्ट में वर्चुअल रूप से हाजिर हुए थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए फिनलैंड से दो हाइड्रोलिक मशीन आयेगी, जो 24 तल्ला से ऊंचे भवनों में आग लगने पर आग बुझाने में सक्षम रहेगी। फ्रिनलैंड से यह हाइड्रोलिक मशीन 24 माह में देवघर एम्स आयेगी। बता दें कि सांसद निशिकांत द्वारा देवघर एम्स में सुविधा को लेकर कई बिंदु उठाये गये हैं। इसमें देवघर एम्स के लिए पावर सबस्टेशन बनने, देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत देवघर एम्स को पानी देने की बजाय पुनासी डैम से जोड़कर देवघर एम्स के लिए पानी की व्यवस्था करने, देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए समुचित व्यवस्था करने ताकि देवघर एम्स के बहुमंजिला भवन में आग बुझाया जा सके।

# यशस्विनी सहाय ने रामटहल चौधरी से लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से ओरमांझी स्थित उनके आवास पर मिलकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी साथ थे। इस क्रम में सुश्री सहाय ने श्री चौधरी से संसदीय राजनीति के अनुभवों के बारे में भी जाना। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी श्री चौधरी से बेटी यशस्विनी को हरसंभव सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर अनवर अहमद अंसारी, सुरेश बैठा, अशोक गुप्ता, शंकर गुप्ता, सुरेश साहू, तुलसी खरवार, अनिता सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### ओरमांझी में कार्यालय का उद्घाटन

ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदधारी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चतरा समेत चार सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से खतरा

**झारखंड में अंदर ही अंदर कांग्रेस प्रत्याशियों का विरोध जारी**

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** राज्य में कांग्रेस के चार प्रत्याशियों को विरोधियों से अधिक अपनों से ही खतरा है। कई जगहों पर कार्यकर्ता खुल कर, तो कहीं अंदर ही अंदर पार्टी प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। इसकी झलक पिछले दिनों रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भी देखने को मिली। कांग्रेस प्रत्याशियों को प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले से पहले बगावत और भितरघात की चुनौतियों से जूझना होगा।

झारखंड में इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कांग्रेस के हिस्से 14 में से सात सीटें आयी हैं। इनमें चार सीटों चतरा, गोड्डा, धनबाद और लोहरदगा में उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद सामने आ रही प्रतिकूल रिपोर्टों की वजह से कांग्रेस नेतृत्व चिंतित है। भाजपा की तरह गोड्डा सीट पर तो पार्टी को उम्मीदवार बदलना पड़ा है। चतरा सीट पर भी गठबंधन से बगावत की तेज लहर की वजह से घोषित प्रत्याशी का नाम वापस लेकर उसकी जगह दूसरा चेहरा देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

बीते 21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली के दौरान चतरा से कांग्रेस के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थकों और विरोधियों के बीच जम कर मारपीट हो गयी थी। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गये थे और रैली में कुछ वक्त के लिए अफरा-तफरी मच गयी थी। केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज के रहनेवाले हैं। उन्हें चतरा सीट पर उम्मीदवार बनाये जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक समूह तो नाराज है ही, गठबंधन की दूसरी पार्टी राजद के नेता-कार्यकर्ता खुलेआम बगावत पर उतर आये हैं। साथ ही चतरा के स्थानीय नेता को उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं। इस सीट पर राजद की भी प्रबल दावेदारी थी, लेकिन कांग्रेस ने यहां अपना उम्मीदवार उतार दिया।

गोड्डा सीट पर कांग्रेस ने पहले महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाया था। उनकी उम्मीदवारी घोषित होते ही देवघर और गोड्डा में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। पार्टी के जिला कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सामूहिक इस्तीफे तक की धमकी दे दी। आखिरकार पांच दिन बाद पार्टी ने यहां दीपिका की जगह पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। कांग्रेस के जामताड़ा क्षेत्र के विधायक डॉ इरफान अंसारी इस सीट पर अपने पिता फुरकान अंसारी को टिकट देने की मांग कर रहे थे। फुरकान अंसारी और इरफान अंसारी का कहना है कि पार्टी ने पूरे राज्य में एक भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया, जबकि उनकी आबादी 18 फीसदी है। ऐसे में प्रदीप यादव के सामने दो विधायकों दीपिका पांडेय सिंह एवं इरफान अंसारी और उनके समर्थकों को साथ लेकर चलने की बड़ी चुनौती है। धनबाद सीट पर कांग्रेस ने दिग्गजों की दावेदारी को दरकिनार कर अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। उनका इस चुनाव के पहले सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रहा। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बोकारो जिले के बेरमो से कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह की पत्नी हैं। हालांकि अनूप सिंह की कांग्रेस में पकड़ है और वह नाराज कांग्रेसियों को मनाने में जुटे हैं। कुछ हद तक वह सफल भी हो गये हैं। उन्होंने सबसे बड़े दावेदार सरयू राय को एक तरह से मना लिया है। सरयू राय अब धनबाद से चुनाव नहीं लड़ेंगे। इससे अनुपमा सिंह को काफी राहत मिलेगी। सरयू राय ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार आग उगल रहे हैं। उन्होंने घोषणा की है कि अंत तक वह ढुल्लू महतो का विरोध करते रहेंगे। सरयू राय का विरोध निश्चित रूप से अनुपमा सिंह को लाभ ही पहुंचायेगा।

लोहरदगा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर झामुमो भी दावेदारी कर रहा था। विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा यहां बागी प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने बुधवार को लोहरदगा सीट से नामांकन भी कर दिया। पिछले चुनाव में भी सुखदेव भगत और चमरा लिंडा दोनों मैदान में थे और दोनों के बीच वोटों के बंटवारे से भाजपा के प्रत्याशी की जीत की राह प्रशस्त हो गयी थी। झामुमो विधायक चमरा लिंडा के फिर से मैदान में आने पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ेंगी।

वेदर
शहर | अधिकतम | न्यूनतम
रांची 37.2 °c 23.4 °c
सूर्यास्त (आज) : 18.13 बजे
सूर्योदय (कल) : 05.20 बजे

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# डीटीओ ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**आठ वाहनों से 2 लाख 72 हजार वसूले गये जुर्माना**

**वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगायेः मनीषा वत्स**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में गोला प्रखंड के बरलांगा मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहन और चार पहिये वाहनों का आरसीबुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस और ओवरलोडिंग आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाये जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गयी। जिन वाहनों के कागजात अधूरे अथवा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया वैसे 8 वाहनों से कुल 2 लाख 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने वाहन चालकों से वाहनों पर आवश्यक रूप से रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया। जांच के दौरान जिला परिवहन कार्यालय से विक्की आनंद सहित अन्य मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय व बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस जागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के छात्र/छात्राओं समेत कई मतदाताओं ने भाग लिया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से आसपास और परिचित लोगों को मत के प्रति जागरूक करने की अपील किया।

## चतरा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के आरा पंचायत में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत बूथ जागरूकता तथा डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, नए मतदाताओं को मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चुनाव का पर्व देश का गर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मतदाताओं ने भी 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अनील डुंगडुंग समेत कई मतदाता शामिल थे।

## चुनाव के खर्च के लिए प्रत्याशियों को बैंक में खुलवाना होगा नया खाता




**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित अग्रणी जिला प्रबंधक चतरा और जिले में स्थित सभी बैंक के समन्वयक के साथ बैठक की गयी। बैठक में उन्होने कहा लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन 26 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगा। इसके लिए सभी प्रत्याशियों का बैंक में नया खाता खोला जाना है। सभी बैंक समन्वयक अपने शाखा में एक अलग कांउटर का अधिष्ठापन कर ले जिससे उम्मीदवारों को खाता खुलवाने मे असुविधा न हो। उपायुक्त ने कहा कि उम्मीदवारों का जो खाता खुलेगा वो नामांकन के एक दिन पहले का खाता खुला हुआ होना चाहिए। इस खाता का उपयोग उम्मीदवारों द्वारा चुनावी खर्चों में किया जायेगा। साथ ही सभी बैंक कैश वाहन के द्वारा जो राशि का स्थानांतरण करते है उनका विवरण CVIGIL APP में किया जाय। साथ ही साथ कैश वाहन पर CVIGIL APP के द्वारा प्राप्त दफकोड को भी लगाया जाय ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, जिला नजारत उप समाहर्त्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक, सभी बैंको के शाखा प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

## सीसीएल कुजू क्षेत्र का किया गया निरीक्षण




**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के परियोजना का निरीक्षण करने के लिए सीसीएल सीवीओ पंकज कुमार कुजू जीएम कार्यालय पहुंचे। जहां कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात वे तोपा खुली खदान पहुंचे। जहां व्यू प्वाइंट से खदान का अवलोकन किया। साथ ही, खदान से कोयला ट्रांसपोर्टिंग संबंधित जानकारी ली। जहां उन्होंने खान प्रबंधक एमके सिंह और अन्य अधिकारियों को कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान होने वाली गड़बड़ी रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात वे महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर क्षेत्र के सभी परियोजना के पीओ और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। जहां उन्होंने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहनों में लगे ट्रैकिंग सिस्टम की विधिवत निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही कांटाघर, लोडिंग प्वाइंट, साइडिंग और डीपो में लगे सीसीटीवी कैमरे को हर हाल में चालू और दुरुस्त रखने की हिदायत दी। इस दौरान विजिलेंस विभाग के अजय कुमार, प्रोजेक्ट इंजिनियर ई एंड एम अरनब पॉल, आशुतोष कुमार, राजेश कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# 10 हजार घूस लेते रामगढ़ अंचल का स्टाफ गिरफ्तार, हल्का 3 का कर्मचारी रडार पर

**कर्मचारी अमित के पास से एसीबी की टीम ने बरामद किये दस्तावेज**

**10 डिसमिल जमीन की रसीद ऑनलाइन चढ़ाने के लिए 25000 की मांगी थी रिश्वत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ अंचल के स्टाफ अनिल कुमार महली को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बुधवार को हुई इस कार्रवाई के बाद जिले में खलबली मच गयी। एसीबी की टीम ने हल्का 3 के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली। जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस मामले की पुष्टि एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने की है।

**स्टाफ ने मांगी थी 25000 की रिश्वत 10000 में हुई डीलः** एसीबी के एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता कई बार कार्यालय का चक्कर लगाये, लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। लेकिन बाद में 10000 में यह डील हो गयी। जिसका पूरा सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी के द्वारा 23 अप्रैल को कराया गया। इसके बाद भी अंचल कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने यह कहा कि 10000 अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा।

### हजारीबाग के प्रेम शंकर ने दर्ज करायी थी शिकायत

एसपी ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है। जिसका दाखिल खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था।

**एसीबी की ट्रैप में कर्मचारी अमित कुमार लोहरा आया रडार पर :** बुधवार को जब एसीबी की टीम ने ट्रैप की तो अनिल कुमार महली जो रामगढ़ अंचल में चौकीदार के पद पर कार्यरत है, वह 10000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। उस सरकारी चौकीदार ने यह बयान दिया कि यह रिश्वत राजस्व कर्मचारी अमित कुमार लोहरा से काम करने के लिए गये थे। जमीन का कागज काम करने के लिए राजस्व कर्मचारी हल्का नंबर 3 अमित कुमार लोहरा को दिया गया है। उस बयान के आधार पर हल्का 3 के कार्यालय में तलाशी ली गयी। वहां से जमीन की डीड, दाखिल खारिज और रसीद की छाया प्रति बरामद हुई। इस बिंदु पर अनुसंधान जारी है।

# महाकाल शिवयोगी की विशाल प्रतिमा का अनावरण





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** गांधी घाट स्थित मुक्तिधाम संस्था में बुधवार को नवनिर्मित महाकाल शिवयोगी की विशाल प्रतिमा का बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग लिमिटेड के संचालक डॉ हरिकृष्ण बुधिया और गौरव बुधिया ने संयुक्त रूप से अनावरण और लोकार्पण किया। इससे पूर्व डॉ हरिकृष्ण बुधिया और गौरव बुधिया के आगमन पर मुक्तिधाम संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें बुके देकर स्वागत। वही, पुजारी बनवारी लाल शर्मा और गोविंद शर्मा ने डॉ हरिकृष्ण बुधिया के हाथों पूजा अर्चना करवाया। मौके पर गौरव बुधिया ने कहा कि मुक्तिधाम आने वाले लोग खुशी मन से नहीं आते हैं, ऐसे में महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा से उन्हें पॉजिटिव एनर्जी मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए जो भी योगदान मुझसे बन पड़ेगा मैं उसके लिए सहयोग करूंगा।

महाकाल शिवयोगी का दर्शन पाकर लोग शांति की करेंगे अनुभूतिः कमल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुक्तिधाम संस्था के कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया ने कहा कि स्व अरुण बुधिया की स्मृति में भगवान महाकाल सहयोगी की प्रतिमा बनवाई गयी है। कोयंबतूर में स्थापित आदियोगी की तर्ज पर महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा बनाने में 2 साल का समय लगा है। उन्होंने कहा कि शमशान में आने वाले दुखी मन से इसका दर्शन पाकर अपने मन में शांति का अनुभूति करेंगे। साथ ही पूर्वजों के लिए भी प्रार्थना कर पायेंगे।

**डॉ हरिकृष्ण को मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानितः** कार्यक्रम के दौरान बजरंग लाल अग्रवाल और डॉ एके बेरलिया ने डॉ हरिकृष्ण बुधिया को शॉल ओढ़ाकर सम्मनित किया। जबकि, संस्था के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल और भास्कर अग्रवाल ने शिवयोगी का मोमेंट तो देकर सम्मानित किया।

**ये थे उपस्थितः** श्याम सुंदर परशुरामपुरिया, सुरेश बगड़िया, राजेश अग्रवाल, विजय पोद्दार, गोविंद मेवाड़, रमेश अग्रवाल, जीवन जैन, सुरेश पी अग्रवाल, जेके शर्मा, विनोद गर्ग, संजय शर्मा, निशांत गुप्ता, विष्णु पोद्दार, एचएन सोंधी, सुरेश बौदिया, आनंद सर्राफ, शिव कुमार अग्रवाल, मीना बगड़िया, वरुण बगड़िया, रचित अग्रवाल, राहुल जैन, अनिल गोयल, ओम प्रकाश अग्रवाल, आशीष कटारिया, कमल शर्मा, आदित्य नारायण त्रिपाठी, परशुराम शाह, धनंजय कुमार पुटूस, अशोक गुप्ता शाहिद शहर के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल ने ओरला-तोपा का किया दौरा

**भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने को लेकर नरेंद्र मोदी को बनाये पीएम : मनीष जायसवाल**




आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** हजारीबाग लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने ओरला और तोपा पंचायत का तूफानी दौरा कर मतदाताओं से जनसंपर्क किया। साथ ही, भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। ओरला में प्रखंड उपाध्यक्ष निर्मल करमाली, तोपा चौक में आजसू जिला उपाध्यक्ष रामभजनलाल महतो, तोपा माइनस में विजय पासवान, डटमा में मंडल मंत्री अखिलेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित जनसंवाद किया। इस दौरान मनीष जायसवाल ने कहा कि देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से पीएम बनाना होगा। जिसके लिए उन्होंने सभी से एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खनिज संपदाओं से परिपूर्ण झारखंड राज्य की जनता आज सुविधाओं से कोसों दूर है। क्योंकि जब प्रदेश के पूर्व सीएम लूट में शामिल हो तो जनता का विकास कैसे हो सकता है। इसलिए प्रदेश के विकास के लिए पहले भ्रष्टाचार को खत्म करने की जरूरत है। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ऐसे मंत्री व नेताओं को सलाखों के पीछे भेजने का काम कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, आजसू नेता तिवारी महतो, रणजीत सिन्हा, विजय साहू, राजू कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, रतन साहू, नरेश महतो, रंजन सिंह, अखिलेश राम, जिप सदस्य दयामंति देवी, मुखिया गुड़िया देवी, लक्ष्मी साव, शंकर साव, सरिता मंडल, अभिषेक पासवान, शहाबुद्दीन रिजवी, जयराम प्रजापति, भागवत करमाली मौजूद रहे।

# रामगढ़ में कार से अवैध शराब और बीयर बरामद

**अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगाः एसपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ पुलिस हाई अलर्ट पर है। अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस दौरान अपराधी भी नये-नये तरीके से अपने कारोबार को संचालित करने की जुगत में है। रजरप्पा थाना क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी करते हुए एक अल्टो कार को जब्त किया है। इस दौरान प्रेमचंद महतो को भी गिरफ्तार किया गया है। उक्त बातों की जानकारी बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में एसपी डॉ बिमल कुमार ने दी।

### कहा से लायी गयी थी शराब, हो रही है जांच

एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि प्रेमचंद महतो रजरप्पा थाना क्षेत्र के मुरुबंदा गांव का रहने वाला है। इतनी भारी मात्रा में अवैध शराब कहा से लेकर आया था उसकी जांच की जा रही है। इसका भी पता लगाया जा रहा है कि वह शराब कहा पहुंचाई जा रही थी। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक काले रंग की अल्टो कार जेएच 24 एल 7773 से अवैध तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद और रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे के नेतृत्व में टीम बनायी गयी। टीम ने जब छापेमारी शुरू की तो रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी पनशाला मोड़ के पास उक्त गाड़ी को रुकवाया गया। जांच करने पर अल्टो कर पर भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। जब कार चालक से उक्त शराब से संबंधित कागजात मांगा गया तो प्रस्तुत नहीं कर पाया।

**बियर और शराब जब्तः** पुलिस ने 650 एमएल किंगफिशर बियर की 120 बोतल, 375 एमएल मैकडॉवेल स्पेशल लग्जरी व्हिस्की का 24 बोतल, 750 एमएल मैकडॉवेल स्पेशल लग्जरी व्हिस्की का दो बोतल और 180 एमएल का मैकडॉवेल स्पेशल लग्जरी व्हिस्की के 12 बोतल जब्त किये गये हैं।

**छापामारी दल में ये थे शामिलः** छापामारी दल में सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे, सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार, विकास कुमार सहित रजरप्पा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अश्लील गाना बजाने को लेकर बारातियों ने मचाया उत्पात

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में इन दिनो शादी के मौके पर बारातियों द्वारा डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर प्रतिदिन मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। एक घर के शादी में आये बारात के लोगों ने गांव के युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। वही दूसरी ओर बेला गांव में शरारती बारातियों द्वारा डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर प्रतिदिन मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। हंटरगंज के बेला गांव में शरारती बारातियों के द्वारा जलाये जा रहे पटाखे से एक खलिहान में आग लग गया। जिससे खलिहान में रखा सरसों का फसल जलकर राख हो गया। इस संबंध में पीड़ित महिला किसान करमी देवी ने बुधवार को हंटरगंज थाने में आवेदन दी है। करमी देवी ने बताई की गांव के शिव यादव के घर पर बारात आया हुआ था। बारातियों द्वारा शरारत करते हुए खलिहान में पटाखा जलाकर फसल में आग लगा दिया गया। जब इस बात की शिकायत करने करमी देवी शिव यादव के घर गयी तो उसके साथ गाली-गलौज किया गया। इसके बाद महिला करमी देवी थाना पहुंचकर मामले से संबंधित आवेदन दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण पद पा सकेंगे।
- **वृष** – विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामले सुलझेंगे, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।
- **मिथुन** – अनेक रचनात्मक कार्यों की प्रेरणा मिलेगी, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- **कर्क** – शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।
- **सिंह** – आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ, घर में खुशी का वातावरण।
- **कन्या** – अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी. अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।
- **तुला** – नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृश्चिक** – रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **धनु** – सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी. हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति।
- **मकर** – मन उच्चाभिलाषी रहेगा,रोजगार संबंधीं समस्यायें हल होंगी, नये कार्य की योजना सफल होगी।
- **कुंभ** – आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं।
- **मीन** – आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

## हवण-पूर्णाहुति के साथ प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआइ में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बुधवार को संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) की देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय और भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं मंगलवार की रात्रि में भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कथा वाचक संतोष जी महाराज के अमृत वाणी की वर्षा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों ने डुबकी लगायी। महायज्ञ को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित कई श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## आजसू पार्टी प्रखंड स्तरीय हुई बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी टंडवा प्रखंड स्तरीय बैठक बुधवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र महतो ने की। बैठक में शामिल केंद्रीय सदस्य के साथ-साथ जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित हुये। बैठक में सर्वसम्मति द्वारा निर्णय लिया गया कि दिनांक 26 को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में जाने पर चर्चा हुई और स्थानीय विस्थापितो को 75 प्रतिशत रोजगार दिलाने पर चर्चा हुई साथ ही साथ केंद्रिय सदस्य रंजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण सिंह भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य नंदा थापा, राजेंद्र राम रंजीत कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष महेश महतो, मजदूर संघ जिला अध्यक्ष लखन साहू, प्रोफेसर रामदेव पासवान, जिला अध्यक्ष बुद्धिजीवी मंच सरोज कुमार गुप्ता, भागवत प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर पांसी, छोटन पासवान, जानकी महतो, अशोक महतो, सुरेंद्र सोनी, रत्न साव इत्यादि सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

## दवा व्यवसायी राधेश्याम अग्रवाल का निधन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अग्रवाल मेडिकल हॉल कुजू चौक के संचालक सह कुजू निवासी राधेश्याम अग्रवाल( 75वर्ष) का बुधवार को हृदय गति रुकने से उनका देहांत हो गया। आकस्मिक निधन की खबर के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। निधन की खबर पर जिले के कई प्रबुद्ध चिकित्सक, राजनीतिक दल के नेता, जन प्रतिनिधि, समाजसेवी व प्रबुद्ध लोग उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया। परिजनों ने अनुसार बीती रात में अचानक उनके सीने में दर्द हुआ। जिसके बाद इलाज के लिए द हॉप हॉस्पीटल ले जाया गया। जहां उनका इसीजी चेक किया तो नॉर्मल पाया। इसके बाद पुनः उनको घर ले आये। वहीं, दोबारा उनको दर्द उठने के बाद अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही वह दम तोड़ दिये। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्र त्रिपुरारी शरण अग्रवाल व मनोज अग्रवाल और दो पुत्री ममता अग्रवाल और बबीता अग्रवाल सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोक व्यक्त करने वालों में रामगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, डॉ शरद जैन, अमर सिंह, इंदर प्रसाद गुप्ता, प्रेम प्रसाद, राजु अग्रवाल, धनेश्वर साहू, मोती प्रसाद, गणेश तिवारी, आनंद अग्रवाल, प्रदीप सिंह, विनय अग्रवाल, मिथिलेश प्रसाद सिन्हा, डॉ इंदिरा प्रसाद, किशोरी प्रसाद, संजय अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, त्रिपुरारी शरण, मनोज अग्रवाल, जगरनाथ ठाकुर, अनिल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, पप्पू केशरी, खुशलाल प्रसाद, मनीष कुमार के अलावे कई लोग शामिल रहे।

# ग्रीन कार्ड का लंबा इंतजार

अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के मामले में वहां रहने वाला भारतीय समुदाय अब दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में 65,960 भारतीयों को आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिकता प्रदान की गयी। इसके बाद अमेरिका में नये नागरिकों के स्रोत के रूप में भारत मेक्सिको के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। मगर ये आंकड़े न तो अमेरिका में नागरिकता या ग्रीन कार्ड हासिल करने का इंतजार कर रहे भारतीयों की स्थिति बयां करते हैं और न ही उनकी समस्याओं को समझने में कोई मदद करते हैं। साल 2023 के आंकड़े देखें तो वहां भारतीय मूल के 2,90,000 ऐसे लोग रह रहे हैं, जिनके पास बाकायदा ग्रीन कार्ड या एलपीआर (लीगल परमानेंट रेसिडेंसी) है। दूसरे शब्दों में कहा जाये तो वे ऐसे लोग हैं, जो अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की संभावित पात्रता रखते हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आ रही। इसके अलावा डिपेंडेंट्स को मिला लिया जाये, तो करीब 12 लाख भारतीय ऐसे हैं, जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड के इंतजार में बैठे हैं। इनका एक अच्छा खासा हिस्सा हाइली स्किल्ड की श्रेणी में आता है। हालांकि हाल के वर्षों में नागरिकता आवेदनों के बकाया मामलों को निपटाने में तेजी आयी है। 2020 के आखिर में लंबित आवेदनों की संख्या 943,000 हो गयी थी, जो 2021 में 840,000, 2022 में 550,000 और 2023 में करीब 408,000 तक आ गयी थी। मगर लंबित आवेदनों को निपटाने की प्रक्रिया में आयी तेजी से ग्रीन कार्ड के लिए लगी भारतीयों की कतार कम करने में खास मदद नहीं मिलने वाली। सीआरएस की 2020 की एक रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक साल 2030 तक एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की टॉप तीन कैटिगरीज में भारतीयों के लंबित आवेदन की संख्या 21 लाख को पार कर जायेगी, जिसे निपटाने में मौजूदा कानूनी प्रक्रियाओं के मुताबिक दो सौ साल लगेंगे। असल में एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड के लिए लंबे इंतजार के पीछे मुख्यतया मौजूदा अमेरिकी कानूनों के दो प्रावधानों की भूमिका है। एक तो एंप्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की सालाना लिमिट 140,000 निर्धारित करना और दूसरा, प्रति देश 7 फीसदी की सीमा तय कर देना। खास कर प्रति देश 7 फीसदी की यह सीमा बड़ी आबादी वाले भारत जैसे देशों के हाइली स्किल्ड प्रफेशनल्स की राह की बड़ी बाधा बनी हुई है। इसमें दो राय नहीं कि यह एक जटिल मसला है, जिसके कई पहलू हैं, लेकिन गौर करने की बात यह है कि नागरिकता और खासकर ग्रीन कार्ड के लिए दसियों साल का इंतजार न केवल संबंधित व्यक्तियों और उन पर निर्भर लोगों की जिंदगी में अनिश्चितता बनाये रखता है, बल्कि दुनिया भर से टैलंट को आकृष्ट करने की अमेरिका की क्षमता को भी प्रभावित करता है।

**सीआरएस की 2020 की एक रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक साल 2030 तक एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की टॉप तीन कैटिगरीज में भारतीयों के लंबित आवेदन की संख्या 21 लाख को पार कर जायेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग अपनी पहचान छुपाते हैं और हमारी बहन-बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं, यदि वे अपने तौर-तरीके नहीं बदलते तो उनका राम नाम सत्य होने की यात्रा शुरू हो गयी है। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह इस तरह की चाल चल कर हिंदू बहुलवादी सांप्रदायिक राजनीति कर रही है, ताकि मुसलमानों को चुनावी दृष्टि से हाशिए पर लाया जाये जो विशेषकर लव जिहाद के भावनात्मक मुद्दे पर सांप्रदायिक हिंसा को संरक्षण दे रही है तथा उसके द्वारा शासित राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून ला रही है।**

# लव जिहाद : चुनावी अखाड़े में एक गरमागरम मुद्दा

पूनम आइ कौशिश

भारत में एक बार पुनः लव जिहाद चुनावी तापमान बढ़ा रहा है। लव जिहाद एक सुविधाजनक राजनीतिक औजार है, जिस पर कल्याण योजनाओं और विकास का आवरण चढ़ा दिया गया है तथा जिसने केंद्र में दो बार भाजपा को सत्ता में आने में सहायता की है और जाति व धर्म की सीमाओं से परे इश्क, मुहब्बत, शादी तथा बलात धर्म परिवर्तन ने राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है, जिसके चलते एक राजनीतिक संघर्ष पैदा हो गया है। लव जिहाद के बारे में हालिया शोर का कारण कर्नाटक में एक कॉलेज जाने वाली लड़की की हत्या है। हुगली में इस लड़की की हत्या उसके पूर्व सहपाठी ने की, जिसके चलते में राज्य में एक राजनीतिक तूफान आ गया है। लड़की के परिवार वालों का कहना है कि आरोपी उस पर धर्म परिवर्तन और विवाह करने का दबाव डाल रहा था। स्वाभाविक है कि भाजपा ने इसे एक लव जिहाद का मामला बताया है और सिद्धारमैया सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह कानून-व्यवस्था की कीमत पर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने यह कहते हुए इस आरोप का खंडन किया है कि यह दोनों के बीच पारस्परिक संबंध है और इस प्रकार पुनः संपूर्ण देश में एक पुराना चिर-परिचित दुश्मन उभर आया है। इस घटना के परिणामस्वरूप हिंदू ब्रिगेड की बहू-बेटी बचाओ संघर्ष समिति सक्रिय हो गयी और वह लोगों को जागरूक करने और लव जिहाद का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक और सुनियोजित अभियान चला रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग अपनी पहचान छुपाते हैं और हमारी बहन-बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं, यदि वे अपने तौर-तरीके नहीं बदलते तो उनका राम नाम सत्य होने की यात्रा शुरू हो गयी है। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह इस तरह की चाल चल कर हिंदू बहुलवादी सांप्रदायिक राजनीति कर रही है, ताकि मुसलमानों को चुनावी दृष्टि से हाशिये पर लाया जाये जो विशेषकर लव जिहाद के भावनात्मक मुद्दे पर सांप्रदायिक हिंसा को संरक्षण दे रही है तथा उसके द्वारा शासित राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून ला रही है।

**न्यायालय ने राज्य सरकार से कहा था कि वह इस तरह के लव जिहाद के धोखाधड़ी वाले कृत्यों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने पर विचार करे।**



भाजपा ने कांग्रेस और उसके द्वारा शासित राज्यों पर आरोप लगाया है कि वह मुसलमान लड़ाकों के विरुद्ध कार्रवाई करने में विफल रही है। कांग्रेस एक मुस्लिम पार्टी है, टुकड़े-टुकड़े गैंग का हिस्सा है, आतंकवादियों को संरक्षण देती है, तुष्टीकरण की राजनीति और पाकिस्तान के एजेंडे पर काम करती है। जहां तक अन्य विपक्षी दलों का संबंध है, अल्पसंख्यक विरोधी मुद्दे पर हिंदुत्व ब्रिगेड की आलोचना करने के बावजूद वे आक्रामक हिंदुत्व एकीकरण का विरोध करते हैं और नहीं चाहते कि उन पर मुस्लिम समर्थक का बिल्ला लगाया जाये। वे मुस्लिम लोगों को भाजपा विरोधी मानते हैं और उसी के अनुसार अपनी राजनीतिक रणनीति बनाते हैं। फिर गलती किसकी है? हमारे नेता गत वर्षों में समाज में जहर फैलाने के लिए अविवेकपूर्ण भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। राजनीति ध्रुवीकरण, तुष्टीकरण, कट्टरवाद तक सीमित हो गयी है। घृणा फैलायी जा रही है और इससे सांप्रदायिक मतभेद भी बढ़ रहे हैं। चुनावों से पूर्व सभी धर्मों में भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। हर पार्टी ऐसा कर रही है और उन्हें आशा है कि इससे उन्हें लाभ मिलेगा।

राज्य विधानसभा चुनावों में हार के बाद भाजपा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और हिंदू सांस्कृतिक पुनर्जागरण के बाद एक नयी हिंदुत्व राजनीति कर रही है, ताकि वह उन क्षेत्रों में भी अपनी पैठ बना सके, जहां पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिक संख्या में नहीं हैं और उसने इस बार पुनः नारा दिया है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और इस बार 400 पार, तथापि पार्टी समझती है मुस्लिम सोच अभी भी उसके लिए समस्या का कारण है। पिछले वर्ष विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों ने हिंदू जन आक्रोश रैलियां निकालीं और लव जिहाद, लैंड जिहाद के विरुद्ध कानून बनाने की मांग की और हिंदुत्व खतरे में है, का मुद्दा उठाया। विपक्षी दलों ने भगवा संघ पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मुसलमानों की आबादी में वृद्धि से किस तरह हिंदू राष्ट्र की सर्वोच्चता खतरे में पड़ गयी है और उनकी निगाहें चुनावी लाभ पर हैं। तथापि यह सब कुछ सांप्रदायिक सौहार्द के लिए अच्छा नहीं है। कम लोग जानते हैं कि लव जिहाद कार्यक्रम केरल में कुछ मुस्लिम संगठनों के संरक्षण में 1996 में शुरू हुआ था, हालांकि यह शब्द पहली बार सितंबर 2009 में केरल के पथानामथिट्टा जिले में सुनायी दिया और इसका इस्तेमाल तीन माह बाद केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में हुआ और इसे युवा होनहार हिंदू लड़कियों को बलपूर्वक मुसलमान बनाने के लिए एक मुस्लिम षड्यंत्र बताया गया, जिसके अंतर्गत मुस्लिम लड़के उन लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाते हैं।

न्यायालय ने राज्य सरकार से कहा था कि वह इस तरह के लव जिहाद के धोखाधड़ी वाले कृत्यों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। मुस्लिम कट्टरवादी संगठनों, जैसे नेशनल डैमोक्रेटिक फ्रंट और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कैम्पस फ्रंट द्वारा इसका खंडन किये जाने के बावजूद केरल सरकार ने कहा कि वर्ष 2006 के बाद राज्य में 2667 महिलाओं ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम अपनाया है। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले चार वर्षों में ऐसे धर्मपरिवर्तन की 8 हजार घटनाएं हुई हैं। हिंदू जन जागृति समिति के अनुसार अकेले कर्नाटक में 60 हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनाया गया और पिछले 6 माह में उत्तर प्रदेश में लव जिहाद के 20 मामले सामने आये हैं।

उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम, देश के किसी भी भाग में जायें, स्थिति ऐसी ही है। धर्म पैसा बनाने का साधन बन गया है। अमरीका से अनेक गिरजाघरों को पैसा मिल रहा है और वे तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कश्मीर में लड़कियों को पैसे और रोजगार देकर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में भी युवाओं के सशस्त्र दल बनाये हैं, ताकि वे लोगों को ईसाई धर्म अपनाने से रोक सकें और मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात तथा ओड़िशा में आदिवासी ईसाइयों को पुनः हिंदू धर्म में लाने के लिए घर वापसी कार्यक्रम शुरू किया है। इस पर रोक लगाने के लिए राजस्थान, ओड़िशा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात ने धर्म परिवर्तन रोधी कानून पारित किये हैं, जिसमें धर्म परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाया गया है, किंतु यदि कोई हिंदू धर्म में वापस आना चाहता है, पुनः धर्म परिवर्तन की अनुमति दी गयी है। झारखंड ने भी ऐसा ही कानून बनाने का इरादा व्यक्त किया है।

ओड़िशा और मध्य प्रदेश द्वारा 1967-68 के दौरान पारित धर्म परिवर्तन कानूनों की संवैधानिक वैधता को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कहा था कि संविधान में एक व्यक्ति को अपने धर्म से किसी और धर्म में धर्म परिवर्तन का अधिकार नहीं दिया गया, अपितु अपने धर्म के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करने की अनुमति दी गयी है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि संगठित धर्म परिवर्तन धर्म निरपेक्षता के विरुद्ध है और सभी धर्मों का संबंध भारत की धर्म निरपेक्षता का मूल है। समय आ गया है कि हमारे नेता इस पर उन सब लोगों के बारे में विचार करें, जिन्होंने निरर्थक लव जिहाद के चलते अपनी जान खोई है और राजनीति से धर्म और विभाजनकारी भाषा को दूर रखें तथा विभाजनकारी राजनीति पर प्रतिबंध लगाने के बारे में विचार करें। हमें लव जिहाद को एक राजनीतिक दिखावे तक सीमित नहीं करना चाहिए। हमारे नेताओं को इसके नफा-नुकसान का विश्लेषण करना चाहिए और धर्म का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करने पर रोक लगानी चाहिए। यही असली लव जिहाद होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# कांग्रेस के घोषणापत्र में सर्वेक्षण के वादे पर भाजपा ने बोला हमला

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में सर्वेक्षण के वादे पर निशाना साधते हुए हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस आर्थिक सर्वेक्षण के नाम पर देश के आम लोगों की संपत्ति हड़पने की सपना देख रही। बुधवार को साकची स्थित लोकसभा कार्यालय में जानकारी देते हुए झारखंड भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सरकार आने पर आम जनता की संपत्ति, घर, सोना और एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा। कांग्रेस की तुष्टिकरण का हिडेन एजेंडा है। नंदजी प्रसाद ने कहा कि देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया के दौरान जहां कांग्रेस के कई बड़े नेता विभिन्न स्थानों पर चुनावी रैलियों में वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करवाने की बात कर रहे हैं। वहीं राहुल गांधी ने सार्वजनिक मंच से देशभर में संपति सर्वेक्षण करवा कर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा हमारी पैतृक संपत्ति और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए कड़ी मेहनत से खड़े किए संसाधनों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन एक पूर्व नियोजित योजना के तहत जब्त करने की फिराक में है। उसने अपने प्राथमिकता में वोट बैंक की राजनीति को सुरक्षित करने के लिए देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने की बजाय वर्ग विशेष की परिभाषित करते हुए न केवल उन्हें अधिकांश लाभ पहुंचाने का काम किया बल्कि देश के सभी नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार देशवासियों के संपति पर कोई पंजा पड़ने नही देगी। जमशेदपुर की जनता से आह्वान है शहरवासी कांग्रेस की मानसिकता को गंभीरता से लें और अपने मतों का उपयोग कर ऐसी मानसिकता को धराशायी करें।

### एमजीएम अस्पताल के विस्तारीकरण में सरकारी गाइडलाइन का उल्लंघन

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। कोल्हान के सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल एमजीएम मे बिस्तारीकरण के कार्य में मजदूरों को उचित भुकतान नही मिलने की एक मामला प्रकास में आया है। बुधवार को झारखंड मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एमजीएम अधीक्षक से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौप कर जांच की मांग की। राजेश सामंत ने बताया एमजीएम अस्पताल में राज्य सरकार के गाईडलाइन अनुसार 75% स्थानीयों को रोजगार पर नहीं रखने,बगैर पीएफ, ईएसआईएस में काम कराने,सरकारी दर नही देने पर मजदूरों से शिकायत मिल रही है। मजदूरों वको न्याय दिलाने के लिए ठेकेदार के खिलाफ एमजीएम अस्पताल अधीक्षक को एक मांग पत्र सौपा गया। झारखंड मजदूर यूनियन सरकारी अस्पताल विस्तारीकरण के कार्य में एम के भी कंपनी द्वारा मजदूर विरोधी नीति का विरोध करती है। वर्तमान अस्पताल अधीक्षक को लिखित जानकारी दी गई। अगर समाधान नहीं निकली तो डीसी,डीएलसी, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार व केंद्रीय श्रम मंत्री को जानकारी देते हुए जांच की मांग की जाएगी**

# कुंवर सिंह का साहस, समर्पण और अंग्रेजों से लोहा लेना देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरणादायक : काले



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मां भारती के वीर सपूत बाबू कुंवर सिंह के स्मारक स्थल बागबेड़ा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयोत्सव दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर मुख्य अथिति भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबू कुंवर सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही स्थानीय कमिटी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवाओं और बुजुर्गों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि मातृभूमि की आजादी में, जिस साहस, सर्म्पण से उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया था वह जन्म जन्म तक देश वासी को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देती रहेगी। काले ने कहा अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध 80 साल की आयु में भी अदम्य साहस एवं शौर्य का प्रदर्शन करने वाले महान स्वाधीनता सेनानी, राष्ट्र गौरव, बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता एवं बलिदान का कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। मौके पर जिला पार्षद डॉ कविता परमार, पूर्व पार्षद किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, मनोज सिंह, बागबेड़ा पंचायत सदस्य राजकुमार सिंह, उप मुखिया संतोष ठाकुर, बाबू कुंवर सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष सी. एस. पी. सिंह, संचालक मिथलेश कुमार, दिग्विजय सिंह, झरना देवी,जूगुन पांडे सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# पानी की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम गंभीर, आदर्श आचार संहिता में कई प्रोजेक्ट विलंब

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों जलसंकट आन पड़ी है। बीते दिनों आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में जलसंकट को लेकर स्थानीय महिलाओं द्वारा गेट जामकर विरोध प्रदर्शन के बाद नगर निगम प्रशासन ने शिकायत के लिए कंट्रोल रूम और दो हेल्फ लाइन नंबर जारी कर दिया। वही नगर निगम प्रशासन ने भीषण गर्मी में पानी की समस्याओं से निपटने के लिए कंट्रोल रूम में शिकायत मिलने पर रोस्टर बनाकर टैंकर से चिन्हित वार्डों में युद्धस्तर पर जलापूर्ति शुरू कर दी। इसके लिए मोबाइल हेल्फ लाइन नंबर 8409541504 और 8540830284 जारी की गयी। जरूरतमंद लोग इस नंबर में जल संकट से संबंधित सूचना देकर पानी की समस्या से निजात पा सकते हैं। जानकारी देते हुए नगर अपर आयुक्त अभिषेक कुमार ने बताया पेयजल की संकट को लेकर नगर निगम गम्भीर है। प्रत्येक दिन 13 से 15 टैंकरों के माध्यम से 1.80 लाख लीटर पानी चिन्हित वार्डों में नियमित रूप से सप्लाई की जारही है। किसी भी टैंकर में खराबी होने पर दूसरे टैंकर की व्यवस्था भी की गई। जरूरत के हिसाब से वार्डों में अलग से जलापूर्ति कराई जा रही। उन्होंने कहा एचवाईडीटी का लगभग 2.80 करोड़ राशि आवंटित है। आदर्श आचार संहिता लगने से उसका प्रयोग नहीं हो पा रहा। चुनाव आयोग से लेकर सचिव स्तर तक पत्राचार किया जारहा है। ईओआई के जरिये 10 टैंकर के लिए टेंडर निकाले गए। लेकिन यह मामला भी आदर्श आचार संहिता की वजह अधर में लटका है। उन्होंने कहा सीएसआर के तहत स्टेक होल्डर्स से भी टैंकर से जलापूर्ति कराई जा रही है। उन्होंने कहा नगर निगम प्रशासन जलापूर्ति को लेकर गंभीर है।आचार संहिता समाप्त होते ही युद्धस्तर पर जलापूर्ति के लिए काम में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग के लिए अपील की।

# डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान 52 वाहनों का काटा गया चालान



**साहिबगंज(आजाद सिपाही)। उपायुक्त के निदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम औरं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की के द्वारा संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान मिजाचौकी चेकपोस्ट पर चलाया गया। जांच में दो पहियों एवं चार पहियों वाहन चालकों जो बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग और सीट बेल्ट के थे। उन्हें मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में जुमार्ना वसूला गया। जिसमे कुल 52 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । उन्हें बताया गया कि हेलमेट सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण एवं ट्रैफिक नियमों का पालन कर अपने एवं दूसरों की सड़क दुर्घटनाओं में अनमोल जीवन को बचाएं। सहयोग में सड़क सुरक्षा सदस्य जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज प्रसार और अमन कुमार मौजूद थे।**

## हजारों कार्यकर्ता वीडी राम के नामांकन में हुए शामिल




गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सूरज प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कई भाजपा कार्यकर्ता मेदिनीनगर पहुंचकर पलामू लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार वी डी राम के नामांकन समारोह में शामिल हुए। उक्त अवसर पर भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि पलामू लोकसभा के उम्मीदवार वीडी राम का नामांकन ऐतिहासिक और अतुलनीय रहा। भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि विश्व के नक्शे पर भारत का सम्मान हमेशा ऊंचा करने वाले विकास पुरुष को प्रधानमंत्री फिर से चुनने का अवसर हम लोगों को गौरवान्वित करता है। नामांकन समारोह में जाने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं में पवन केसरी, प्रदीप कुशवाहा, मनोज गुप्ता, रामलाल भुईहर, चंचल कुमार रवि, अरुण चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार मेहता, लखन बिंद, अयोध्या चौधरी, विक्की साहू सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## पुलिस ने दो देसी बंदूक सहित कई सामान बरामद किया, अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीती रात्रि पंडरिया पंचायत के गर्दा टोला में एक कच्चा मकान से 12 बोर के दो देसी बंदूक, छह जिंदा कारतूस, आठ खोखा और पचास ग्राम बारूद जप्त किया है। मामले को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई में जुटी है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, हवलदार पुटुल कुमार, इंद् कुमार सहित लोग शामिल थे।

## टेंपो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ पर कड़िया धाम गेट के समीप बुधवार के अहले सुबह टेंपो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिरकर पलट जाने से उस पर सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। उक्त सभी लोग तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे। घायलों में खरौंधी के चांदनी गांव निवासी बचन देव राम, राममूरत रावत, लालमन रावत, महेंद्र राम, संजय राम, राजमोहन राम के अलावे दो अन्य लोगो का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक नितिश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बचनदेव राम व संजय राम को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

# बंशीधर नगर मजिस्ट्रेट हर्ष हेंब्रम को रजिस्ट्रार के प्रभार से हटाने की मांग

**भ्रष्टाचार का बोलबाला झारखंड सरकार में व्यापक पैमाने पर बढ़ गया है : पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने श्री बंशीधर नगर मजिस्ट्रेट सह प्रभारी रजिस्ट्रार हर्ष हेंब्रम को रीस्टा के प्रभार से हटाये जाने की मांग किया है। अपने आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व रामचंद्र केसरी ने कहा कि दर्जनों गांव के ग्रामीणों के द्वारा रजिस्ट्रार के खिलाफ प्रत्येक केवाला पर दस हजार बख्शीश के रूप में मांगे जाने का आरोप लगाते हुए मेरे पास आवेदन दिया गया है। इस मामले के लिखित शिकायत सरकार तक किया गया है जिसकी प्रतिलिपि भी लोगों के द्वारा मुझे दिया गया है। जिसमें हुलहुला, पूर्णानगर, रमना, बिलासपुर, बहियारी, कूपा, बड़ीगढ़, चिट्विश्रांम, बेलिया, केलान और पाल्हे के ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायत पत्र के आलोक में वे सरकार से मांग करते हैं कि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के प्रभारी रजिस्टार हर्ष हेंब्रम को प्रभार से हटाकर किसी अन्य पदाधिकारी को प्रभार दिया जाये, जिससे क्षेत्र के जनता और भूमि रजिस्टर्ड कर्ताओं को न्याय मिल सके उन्होंने कहा कि पूर्व में कई बार उनकी शिकायत मिल चुकी है रजिस्ट्री के नाम पर कई सारे नियमों को लगाकर और लोगों को भटकाते हैं, उन्हें परेशान करते हैं और बिचौलियों के माध्यम से जो पैसा देता है उसका काम कर देते हैं इससे क्षेत्र की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का बोलबाला झारखंड सरकार में व्यापक पैमाने पर बढ़ गया है, भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने वाला नहीं है परंतु आम लोगों और जनहित के लिए ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के प्रति वह हमेशा से आवाज उठाते रहेंगे और उनके खिलाफ लड़ाई लड़ते रहेंगे। मौके पर भाजपा नेता शिवधारी राम, मथुरा पासवान, कमला सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अधिक पेड़ लगाकर पृथ्वी को गर्म होने से बचायें: एमपी केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जी एन कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक एमपी केसरी ने ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसे दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिक सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से 1992 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 22 अप्रैल को अधिकारिक तौर पर विश्व पृथ्वी दिवस घोषित किया। विश्व पृथ्वी दिवस एक ऐसा दिवस है जिस दिन दुनिया भर में पृथ्वी और उसके पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया जाता है। पृथ्वी हमारी मां है, जिसकी ममता के आंचल में हर नर-नारी के जीवन की रचना होती है। पर्यावरण संरक्षण हम सभी की समान रूप से जिम्मेदारी है। पृथ्वी जितनी ही समृद्ध रहेगी प्रकृति उतना ही प्रसन्न रहेगा। मानवीय क्रिया कलापों के कारण धरती के तापमान में वृद्धि लगातार हो रही है। महासागर, नदियां पहाड़, खेती सभी जगह प्रकृति कराह रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी हांफने लगी है। अभी समय है चेतने और सुधरने का, नहीं तो संकट इतना गंभीर हो जायेगा कि उससे निबटना मुश्किल हो जायेगा। पूरे विश्व के सामने आज तीन गंभीर चुनौतियां हैं-जलवायु परिवर्तन, प्रकृति और जैव विविधता का ह्रास तथा प्रदूषण और कचरा इसका असर जीवन प्रणाली को प्रभावित किया है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य वसंत ठाकुर, खुशीद आलम, मुकेश भारती, वीरेंद्र कुमार, अभिषेक पांडेय, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाहीन, संजीव कुमार, सरिता दुबे आदि मुख्य रूप से सराहनीय रहे।

## ममता भुइयां के नामांकन में रंका प्रखंड से काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के अगुआई में बुधवार को पलामू लोकसभा में इंडिया महागठबंधन (राजद) के प्रत्याशी ममता भुईयां के नामांकन में रंका प्रखंड से हजारों की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी झामुमो कार्यकर्ता पार्टी के झंडा, बैनर व गल्ले में पट्टा लगाये नारा लगाते हुए शामिल थे।

## सोनदाग मुखिया रिमा देवी ने कई लोगों को शादी और ब्रम्हभोज में किया सहयोग


सहयोग प्रदान करतीं मुखिया रिमा देवी

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के मुखिया रिमा देवी पति हेमंत पासवान ने पंचायत के विभिन्न गांवों में कई लोगों को शादी और ब्रम्हभोज कार्यक्रम में अपनी ओर से आर्थिक सहयोग के साथ साथ टैंकर से पानी भी सहयोग में प्रदान करने का काम किया है। जिसमें पंचायत के घांसी टोला निवासी जीतन नायक के पुत्री की शादी में नगद सहयोग, सिकठ गांव निवासी महेंद्र भुईयां के पुत्री की शादी में नगद सहयोग, पाल्हे गांव निवासी बैजू नायक के पुत्री की शादी में चावल, सिकठ गांव निवासी शिव कुमार भुईयां के पुत्री की शादी में नगद सहयोग, भलुआनी गांव के गोता टोला रामदास भुईयां के पुत्री की शादी में चावल, पाल्हे गांव निवासी बिनू नायक के पुत्री की शादी में नगद सहयोग प्रदान की। वहीं ग्राम हुरदाग निवासी शिवनाथ भुईयां के देहांत होने पर ब्रम्हभोज कार्यक्रम में 2000 रुपये का नगद सहयोग, सोनदाग गांव निवासी केशो राम के देहांत होने पर चावल का सहयोग, हुरदाग गांव निवासी लक्ष्मण राम के देहांत होने पर चावल का सहयोग, वही सोनदाग गांव निवासी कपिल राम के देहांत होने पर उनके परिजनों को चावल देकर सहयोग करने का काम किया तथा पानी भी टैंकर से उपलब्ध कराकर पुण्य का काम किया है। जिसकी सराहना पंचायत वासी करते नहीं थक रहे हैं और इसके संबंध में मुखिया रिमा देवी ने आजाद सिपाही को बताया कि उनके द्वारा यह कार्य लगातार जारी रहेगा।



## कार्यालयः- उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
### (जिला शस्त्र शाखा)

### प्रेस विज्ञप्ति

लोक सभा आम चुनाव-2024 के मद्दे नजर अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक-255,256/सा0, दिनांक-13.04.2024, एवं पत्रांक-277/सा0, दिनांक-16.04.2024 के द्वारा क्रमशः चन्दवा, हेरहंज, लातेहार, बारियातू, बरवाडीह, छिपादोहर, मनिका एवं बालूमाथ तथा अनुमण्डल पदाधिकारी, महुआडांड़ के पत्रांक- 65 दिनांक- 16.04.2024 के द्वारा बारेसाढ़, नेतरहाट, गारू एवं महुआडांड़ थाना प्रभारी से विभिन्न कारणों से शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदन अनुशंसा सहित आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न कारणों से शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदनानुसार थानावार विवरणी निम्नवत है:-

**1.लातेहार थाना**

| क्र | अनुज्ञप्तिधारी का नाम | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार | रद्द करने का कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | यशवंत सिंह, पे0-मंदेश्वर सिंह, सा0-मंगरा, थाना+जिला-लातेहार | 12/2008 | - | थाना में जमा | लाईसेंसधारी की मृत्यु हो गई है। |
| 2 | यशवंत सिंह, पे0-मंदेश्वर सिंह, सा0-मंगरा, थाना+जिला-लातेहार | 14/2008 | - | थाना में जमा | लाईसेंसधारी की मृत्यु हो गई है। |
| 3 | धनेश्वर प्रसाद, पे0-जितन साव, साव0-रिचुघुटा, थाना+जिला-लातेहार | 210/1974 | - | थाना में जमा | लाईसेंसधारी की मृत्यु हो गई है। |
| 4 | लक्ष्मण यादव, पे0-कमल यादव, सा0-होटवाग, थाना+जिला-लातेहार | 18/2008 | - | थाना में जमा | दो से अधिक हथियार होने के कारण जमा |
| 5 | जय कुमार सिंह, पे0-जयप्रकाश नारायण सिंह, सा0-धर्मपुर, थाना+जिला-लातेहार | 20/2008 | - | थाना में जमा | दो से अधिक हथियार होने के कारण जमा |
| 6 | मो0 जावेद अख्तर, पे0-स्व0 बदरूद्दीन खान, सा0-अम्वाटीकर, थाना+जिला-लातेहार | 24/2009 | - | शस्त्र क्रय नहीं किया गया | - |
| 7 | मो0 समशुल होदा, पे0-रियाजुद्दीन मियां, सा0-इंचाक, थाना+जिला-लातेहार | 19/2008 | - | शस्त्र क्रय नहीं किया गया | - |
| 8 | कौशल कुमार सिंह, पे0 ब्रजेश सिंह, सा0-अम्बाकोठी, थाना+जिला-लातेहार | 21/2008 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 9 | महेन्द्र प्रसाद, पे0-भुनेश्वर प्रसाद सा0+ थाना+जिला-लातेहार | 132/1968 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 10 | सरयु प्रसद सिंह, पे0-श्री केश्वर प्रसाद सिंह, सा0-रेलवे स्टेशन, थाना+जिला-लातेहार | 142/1980 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 11 | अरूण कुमार सिन्हा, पे0-अलग सुन्दर प्रसाद, सा0+थाना+जिला-लातेहार | A256/1982 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 12 | हरि प्रसाद, पे0-रामेश्वर प्रसाद, सा0+थाना+जिला- लातेहार | 265/1983 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 13 | कारलुस बलबीर कुजूर, पे0-लुकुस कुजूर सा0-56 ए0पी0ओ0 सा0-बेनटोला, थाना-महुआडांड़, जिला-लातेहार वर्तमान में सा0-चन्दनडीह, थाना+जिला-लातेहार | 191/G1 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 14 | प्रमोद कुमार सिंह, पे0-भुनेश्वर सिंह, सा0-मेनरोड, लातेहार, थाना+जिला-लातेहार | 248/1981 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |
| 15 | माधव प्रसाद राथौड़, पे0-भुनेश्वर प्रसाद, सा0-राथौड़ कॉम्पलेक्स, लातेहार, थाना+जिला-लातेहार | 287/84 | - | लम्बे समय से थाना में जमा | - |

**2.बरवाडीह थाना**

| क्र. | अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | रद्द करने का कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री जयवर्धन सिंह पे0- राम नरेश सिंह सा0+थाना-बरवाडीह जिला-लातेहार। | 05/2017 | एन0पी0बोर-30.6 राईफल नं0-16610-8595 | पूर्व से थाना में जमा एस.डी.इ. नं0-20 दिनांक-06.11.2019 | लाईसेंसधारी मृत। |
| 2 | हकीमउदीन अंसारी, पे0- अब्दुल, सा0-सरईडीह, थाना-बरवाडीह। | 101/63 | एस0बी0बी0एल0 गन नं0-6393C/4 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | लाईसेंसधारी मृत। |
| 3 | शेख समसुद्धीन अंसारी, पे0- स्व0 मो0 उसर करीम अंसारी सा0-सरईडीह, थाना-बरवाडीह। | 102/83 | एन0पी0बोर-30.6 राईफल नं0-AB-83942 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | लाईसेंसधारी मृत। |
| 4 | मे0 असलम जाहीर पे0- अब्दुल मनान, सा0-पोखरीकला, थाना- बरवाडीह, जिला-लातेहार | 107/83 | डी0बी0बी0एल गन-6430 D/4 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-283 दिनांक-17.02.97 | पिछले 27 वर्षो से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा है। |
| 5 | समसुद्दीन अंसारी, पे0- अलीहसन अंसारी, सा0-बेतला, थाना-बरवाडीह। | 108/83 | डी0बी0बी0एल गन-5612.82 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | पिछले 27 वर्षो से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा है। |
| 6 | मुमताज अली, पे0- मो0 हुसैन, सा0-पोखरीकला, थाना-बरवाडीह। | 109/83 | डी0बी0बी0एल गन-5604113/24-83 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | पिछले 27 वर्षो से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा है। |
| 7 | शेख मो0 सेराजुद्दीन, पे0- हाजी खलील अली इमाम, सा0-पोखरीकला, थाना-बरवाडीह। | 111/83 | एस0बी0बी0एल गन-24753 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | लाईसेंसधारी मृत। |
| 8 | चलितर सिंह, पे0- लोकनाथ सिंह, सा0-छेछा, थाना-बरवाडीह। | 87/82 | एस0बी0बी0एल गन-14961978 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | पिछले 27 वर्षो से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा है। |
| 9 | रामस्नेही, पे0- स्व0 राम औतार साह, सा0-सरईडीह, थाना-बरवाडीह। | 81/80 | डी0बी0बी0एल गन-21448 | पुलिस केन्द्र पलामू में जमा, एस. डी.इ.नं0-282 दिनांक-17.02.97 | लाईसेंसधारी मृत। |
| 10 | रामचन्द्र सिंह, पे0- स्व0 गणपत सिंह, सा0-मंगरा, थाना-बरवाडीह। | 01/2006 | रिवाल्वर .36 बोर नं0-A/19638 | लतेहार थाना कांड सं0-197/09, दि0-12.11.2019, धारा-395 भा0द0वि0 | शस्त्र लूटा गया। (उपायुक्त लातेहार के आदेश दिनांक-11.10.2021 के द्वारा पूर्व में ही रद्द किया गया है।) |

**3.बारेसांढथाना**

| क्र. | अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | रद्द करने का कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शीतल उरांव, पिता-झरी उरांव, ग्राम-कुजरूम, थाना-बारेसांढ़, जिला-लातेहार। | 42/61 | एस0बी0बी0एल0 गन नं0-7146 | पुलिस केन्द्र पलामू में सुरक्षार्थ जमा है। | - |
| 2 | अघनु सिंह, पिता- रामदेनी सिंह, ग्राम-मायापुर, थाना-बारेसांढ़, जिला-लातेहार। | 45/66 | एस0बी0बी0एल0 गन नं0-8084 | पुलिस केन्द्र पलामू में सुरक्षार्थ जमा है। | - |
| 3 | राम प्रसाद महतो, पिता- कन्हाई महतो, ग्राम+ थाना-बारेसांढ़, जिला-लातेहार। | 49/68 | एस0बी0बी0एल0 गन नं0-491 | पुलिस केन्द्र पलामू में सुरक्षार्थ जमा है। | - |
| 4 | मनी साव, पिता- मौजी साव, ग्राम+ थाना-बारेसांढ़, जिला-लातेहार। | 22/68 | एस0बी0बी0एल0 गन नं0-5733 | पुलिस केन्द्र पलामू में सुरक्षार्थ जमा है। | - |
| 5 | पुरण वृजिया, पिता- छदु वृजिया, ग्राम-हेनार थाना-बारेसांढ़, जिला-लातेहार। | - | एस0बी0बी0एल0 गन नं0-4530 | पुलिस केन्द्र पलामू में सुरक्षार्थ जमा है। | - |

**4.नेतरहाट थाना**

| क0 | अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | अनुज्ञप्ति संख्या | शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | रद्द करने का कारण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खड़कू सिंह, पे0-हरि सिंह, सा0-करकट थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 13 | DBBL Gun-93699 | सनहा सं0-99, दि0-8.7.99, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 2 | श्री बी0के0सिन्हा, अध्यक्ष नेतरहाट स्कूल | 29,19,29 | 22 Bore Gun | सनहा सं0-121, दि0-9.10.99, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 3 | शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नेतरहाट | 2/90 | DBBL Gun-8204187 | सनहा सं0196, दि0-14.10.99, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | बदल कर चले गये। |
| 4 | तेजवा उरांव, पे0-जयलाल उरांव, सा0-बृजियाटोला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 54/70 | SBBL Gun-XPL5762/70 | सनहा सं0-174, दि0-14.11.87, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 5 | फागू उरांव, पे0-फुचू उरांव, सा0-पसेरीपाठ थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 56/70 | SBBL Gun-1106 XPL5818/71 | सनहा सं0-11, दि0-16.03.14, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 6 | चेतन किसान, पे0-स्व0 पुटला किसान, सा0-पसेरीपाठ थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 49/83 | SBBL Gun 16 Bore- 20204 | सनहा सं0-16/19, दि0-29.10.19, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 7 | जुलियस मुदु कवर पे0 स्व0 कौशल टोप्पो सा0-लुरगुमीकला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 115/66 | SBBL Gun 3813 | सनहा सं0-327, दि0-24.8.99, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 8 | मेजर जे0एम0टोप्पो, पे0 स्व0 कौशल टोप्पो सा0-लुरगुमीकला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 12092/03 | DBBL Gun-A/9-24751 | - | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 9 | कृषि निदेशक, राजकीय कृषि प्रक्षेत्र नेतरहाट | - | SBBL Gun 13645/94 | सनहा सं0-22, दि0-2.11.98, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | बदल कर चले गये। |
| 10 | सोबरन उरांव, पे0-महतो उरांव सा0-करकट थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | - | DBBL Gun- | सनहा सं0-99, दि0-8.7.99, (आर्म्स पंजी के अनुसार थाना मालखाना में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 11 | श्रवण उर्फ सिमन खाखा, पे0-जकरियस खाखा सा0-आईगू थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 61 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 12 | भोजराज सिंह, पे0-बहाल सिंह, सा0-बरदौनी थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 46 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 13 | वरवास मिंज, पे0-घुर मिंज सा0-होरहेंग थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 46 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 14 | एस0के0 अजीमउदीन मियां, पे0 जूतन मिया सा0-लुरगुमीकला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 151 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 15 | रहीम बक्स अंसारी, पे0 सौकत अंसारी सा0-लुरगुमीकला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 3/52 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 16 | बृजमोहन साव, पे0 मथुरा साव सा0-लुरगुमी थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 3/53 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 17 | भैया नवल किशोर शाही, पे0 बृजमोहन साही सा0-बराही थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 14 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 18 | श्री कृष्णानन्द नाथ साह, पे0 भैया गोविन्द नाथ साह सा0-बराही थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 36/82 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 19 | भैया राजेन्द्र नाथ साह, पे0 राघो सरण साह सा0-बराही थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 35/82 | DBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 20 | दुसाध वृजिया, पे0 स्व0 दुखा वृजिया सा0-जामटोली थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 1/78 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 21 | गबरीयल इन्द, पे0 प्रोटिया इन्द सा0-चोरमुण्डा थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 43/44 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 22 | सुखदेव किसान, पे0 एतवा किसान सा0-नावाटोली थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 32/73 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 23 | रामजतन किसान, पे0 बसिया किसान सा0-नावाटोली थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 18/29 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 24 | करपुरी सिंह, पे0 दुर्गा सिंह सा0-दुरूप थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 27/31 | DBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 25 | टोनिस लकड़ा पे0 खखा लकड़ा सा0-अईगू थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 32/66 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 26 | झरि मिंज उरांव पे0 विपता उरांव सा0-बृजियाटोला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 53/70 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 27 | जोखन उरांव पे0 रिचुवा उरांव सा0-बृजियाटोला थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 57/70 55/89 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 28 | चीतू बृजिया पे0 फकीर बृजिया सा0-पसेरीपाठ थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 46/74 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 29 | बीरबल उरांव पे0 धर्मपद उरांव सा0-पसेरीपाठ थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 44/53 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 30 | बलदेव कवर पे0 झरवा कवर सा0-सोहरपाठ थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | 35/39 | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 31 | मार्टिन मिंज पे0 पतरस मिंज सा0-गढ़बुढ़नी थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | - | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 32 | सुखदेव बृजिया पे0 नगवा बृजिया सा0-कोरगी बटुवाटोली थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | - | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |
| 33 | लिवस खलखो पे0 स्व0 दुखा खलखो सा0-हुसंबू थाना-नेतरहाट, जिला-लातेहार। | - | SBBL Gun | सनहा सं0-224, दि0-13.01.97, (पुलिस केन्द्र पलामू में जमा) | लाईसेंस धारी की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकारी को उक्त हथियार की आवश्यकता नहीं है और न ही हथियार का खोजबीन किया गया है। |

आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17 की विभिन्न उप धाराओं में शस्त्र अनुज्ञप्तियों में फेरफार, उनका निलंबन और प्रतिसंहरण करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु धारा-17 की उप धारा-1 में यह प्रावधानित है कि ऐसा प्रायोजनों के लिए लिखित सूचना द्वारा अनुज्ञप्ति के धारक से इतने समय के अंदर जितना सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाय, अनुज्ञप्ति अपने को परिदत करने की अपेक्षा कर सकेगा।

अतः एतद द्वारा उपरोक्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों/उनके उतराधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार एवं महुआडांड़ के द्वारा विभिन्न कारणों से थानावार शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदन पर अपना लिखित बचाव पक्ष साक्ष्य सहित 04 (चार) दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के अवलोकनार्थ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। निर्धारित समय सीमा के अन्दर जवाब अप्राप्त रहने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर आपके नाम से निर्गत उपरोक्त शस्त्र अनुज्ञप्तियों को आयुध अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जायगी।

उपायुक्त-सह-
जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

PR 324062 Latehar(24-25).D

## झुमरीतिलैया डीएवी के बच्चों ने ओलंपियाड में मेडल जीत कर लहराया परचम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय साइबर ओलम्पियाड में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता परीक्षा नवंबर माह में विद्यालय स्तर पर आयोजित की गयी थी। इसमें विद्यालय के पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा की अनुष्का सिंह, चौथी कक्षा की आलिया नसरीन, पांचवी कक्षा के अर्श सिंह, आठवीं कक्षा के सक्षम सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पहली कक्षा के अर्धक राज, गौरव पांडेय, हर्षित निराला, दूसरी कक्षा के इंद्रजीत कुमार, सत्यम राज ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं पर वर्ग प्रथम के दर्शित तिवारी, अश्विनी कुमारी, वेहांत राज, उज्ज्वल भारती ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। अन्य बच्चों को साइबर ओलम्पियाड की तरफ से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साइबर ओलम्पियाड एक ऐसा प्लेटफार्म है जिससे बच्चे छोटी कक्षाओं से ही अपनी बौद्धिक और तार्किक प्रतिभा को दिखाते हुए अपनी योग्यता प्रदर्शित करते हैं। प्रतियोगिता में बच्चों का मार्गदर्शन और संयोजन विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक सत्य प्रकाश तिवारी ने किया।

## मजदूर दिवस पर नामांकन भरेंगे विनोद सिंह



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र के गावां प्रखंड अंतर्गत अरागारो, भागलपुर, पड़रिया, बादीडीह समेत कई गांवों में भाकपा माले ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इसकी अध्यक्षता बिनोद राणा और संचालन पंसस अशोक यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार यादव ने कहा कि 1 मई को मजदूर दिवस के दिन ही छात्र, नौजवानों, मजदूरों और महागठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार बिनोद सिंह नामांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं कि एक मई को पूरी दुनिया में मजदूर दिवस मनाया जाता है। हम उसी दिन किसानों के लिए, मजदूरों के लिए, छात्र नौजवानों के लिए संकल्प लेंगे। मजदूर विरोधी, किसान विरोधी जो कानून देश में लाया गया है, उस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरे कोडरमा लोकसभा में लाल लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि जनता जाति धर्म से उपर उठकर इस बार 2024 में बदलाव के पक्ष में मतदान करेगी। तभी हमारे देश का संविधान, लोकतंत्र और आजादी बचेगी। मौके पर सकलदेव यादव, प्रदीप यादव, सुरेश यादव, रामदेव सिंह, मनोज मिस्त्री, विकास मिस्त्री, सहदेव मिस्त्री, संजय मिस्त्री, चिंतामणि यादव, पवन यादव, संजय यादव, बासदेव यादव, सिकंदर यादव, सुधीर यादव, विकास यादव, दिलीप कुमार, रूपेश यादव, मोहन यादव, अजीत यादव, मकसूद आलम, मो. सरफराज, मो. जैनुल, मो. सोकत, नकुल दास, जैनुल अंसारी, मो. मोनू, मो. नवाजील, सोनू यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। इधर गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह ने तिलैया डैम, जयनगर समेत कई इलाकों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के राजगढ़िया मोड़ के समीप बुधवार की सुबह रेलवे ओवर ब्रिज से एक सवारी वाहन पर सवार एक युवक के टकराने से मौत हो गयी। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अलगडीहा गांव से मंगलवार को बारात चौपारण के अमजद गयी थी। बुधवार सुबह शादी समारोह से वापस लौटने के दौरान सवारी वाहन के ऊपर छत पर सवार दो युवक राजगढ़िया मोड़ के समीप रेलवे ओवर ब्रिज से टकरा गये। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल अलगडीहा निवासी राहुल कुमार दास (उम्र 19 वर्ष, पिता सहदेव दास) को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। वहीं इस घटना में एक अन्य युवक प्रेम कुमार के पैर में गंभीर चोट लगी है जिसका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है। दुर्घटना के बाद घायलों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे सवारी वाहन के चालक के साथ वाहन सवार लोगों ने मारपीट कर दिया और गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर दो-तीन युवक को पकड़ कर अपनी साथ थाना ले गयी। वहीं शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम उप विकास आयुक्त ऋतुराज और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आज पोलिंग पदाधिकारी-03 और सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली में 200 पोलिंग पार्टी 03 और द्वितीय पाली में 215 पोलिंग पदाधिकारी 03 को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को लेकर उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दिया गया। इवीएम वीवीपैट की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। पोलिंग पार्टी को कंट्रोल यूनिट के संचालन के संबंध में जानकारी दिया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने सभी कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा ताकि मतदान की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सभी मतदान केंद्रों का मैपिंग करने को कहा। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** संत निरंकारी मंडल के द्वारा बुधवार को महतो आहरा झुमरीतिलैया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सेवादारों ने 88 यूनिट ब्लड दिया। इसका उद्घाटन जोनल इंचार्ज डी सिंह और विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने किया। श्री बरनवाल ने कहा कि रक्तदान कर कई लोगों की जिंदगी बचायी जा सकती है, यह जरूरी है कि हम रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करें और लगातार ऐसे आयोजन करें। मौके पर जोनल इंचार्ज संत निरंकारी मंडल डी सिंह के अलावा संयोजक सुंदर पांडेय, विजय विश्वकर्मा, सुधीर सोनी, अनु देवी, संचालिका सेवा दल, मनोज पांडेय, सुमन झा, संदीप कुमार, विजय पंडीत, कुंदन कुमार, कमला देवी, विनीता देवी, गौतम कुमार, हरेंद्र, अनूप कुमार, अरविंद सेठ, गौतम पाल, शंभू बरनवाल, डॉ राम सागर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल ने बड़कागांव के 25 गांवों का किया दौरा

- मनीष जायसवाल का ढोल मांदर के साथ नाचते झूमते ग्रामीणों ने किया स्वागत
- भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओं ने भी दिखाया जोश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव/ उरीमारी।** बुधवार को गर्मी के रौद्र रूप और धूप के कड़े तेवर के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के 6 पंचायतों के 25 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगा।

इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव साहब बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी सहित भाजपा आजसू कार्यकर्ता शामिल थे। बुधवार को अपने दौरे की शुरूआत अगले सुबह बड़कागांव चौक से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के पिपराडीह में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान उन्होंने तलसवार, आंगों, पोटंगा, उरीमारी, जरजरा और नयाटांड़ पंचायत के परेवातारी, निमियाटोला, प्लांडू, कोयलंग, पतरा, अम्बाटोला, आंगो, उरेज कॉलोनी, असवा, तिलैया, भुरकुंडा, पारगढ़ा, उरीमारी हेसाबेड़ा, उरीमारी लिपहाउस कॉलोनी, उरीमारी चेकपोस्ट, उरीमारी सेवल, जरजरा चौक, जरजरा बस्ती, पसेरिया, ललकीमाटी, टिकरीटांड़, तलसवार, सिमरातरी, नयाटांड़, कुम्हारडीहा, विश्रामपुर और पिपराडीह गांव का तुफानी दौरा कर स्थानीय लोगों से मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यों की प्रगति को बरकरार रखने के लिए आगामी 20 मई को कमल फूल छाप में मतदान कर भाजपा को जिताने का अपील किया।

**अब विकसित भारत के सपने को साकार करें, बीजेपी को वोट दें: मनीष जायसवाल:** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की जब आप मतदान करने बूथ पर जाये तो कांग्रेस के करीब 62 साल के शासनकाल को जरूर याद करें जब कांग्रेस ने वादा करके देश और देशवासियों को सिर्फ. ठगने का काम किया और पीएम मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हुए देश के अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णयों के जरिये जहां हमारा राष्ट्र सशक्त और समृद्ध हुआ वहीं देशवासी स्वाभिमान के साथ जी रहें हैं।

अब विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए भाजपा को कमल फूल छाप पर वोट दें और मुझे अपना सांसद चुनकर सेवा का अवसर प्रदान करें।

### मौके पर ये रहे मौजूद

मौके पर विशेषरूप से सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के दौरे में उनके साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशन लाल चौधरी, आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला मिडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, आजसू प्रदेश सचिव कौलेश्वर गंझु, बड़कागांव पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भाजपा नेता सह मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, मुखिया नीलम मिंज, पंसस कृष्णा राम, सुमन गिरी, भवानी प्रसाद, श्रीकांत निराला, बेचन साव, नागेश्वर तुरी, गिरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, अशोक महतो, विनोद महतो, अशोक साव, मेवालाल नाग, सत्येंद्र सिंह, दिनेश करमाली, नरसिंग प्रसाद, इंद्रभूषण, बढ़न तुरी, ज्ञानचंद महतो, किशोर राणा, धनलाल बेदिया, कृतन बेदिया, उषा देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, अजय साहू, हीरालाल साव, आशीष गुप्ता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# जेपी पटेल ने दारू क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

- व्यवसायी नहीं, सेवक चुनियेः जेपी भाई पटेल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल चुनाव की तैयारियों में जोर-शोर से लग गये हैं। चिलचिलाती धूप में भी लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बुधवार को दारू प्रखण्ड के 15 गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकताओं संग ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। महेशरा में जेपी पटेल ने डोर टू डोर कैंपेन कर कांग्रेस के पक्ष में वोट कर प्रधानमंत्री मोदी की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गरीबों और पिछड़ों को विकास से कोसों दूर कर दिया है। देश में महंगाई आसमान पर है, नौकरियां मिल नहीं रही, बड़े व्यापारियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, किसानों को मारा जा रहा है। कहा, कांग्रेस ही अब विकल्प है। कांग्रेस ने ही पहली नौकरी पक्की का वादा किया है। इसके साथ ही कृषि कानूनों में बदलाव और अग्निवीर योजना को समाप्त कर कांग्रेस सरकार किसानों और युवाओं के साथ न्याय करने का काम करेगी। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जनता अब झूठे वादों से ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है। उन्हें पता चल चुका है कि यह सरकार सिर्फ व्यापारियों की सरकार है। लोगों द्वारा मिल रहा यह अपार समर्थन इस बात की गवाही दे रहा है।

जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भी जनसभाओं को संबोधित करते हुए हाथ छाप पर बटन दबा कर कांग्रेस को वोट देने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, विनोद कुशवाहा, कैलाशपति देव, सुखदेव प्रसाद यादव, अनिल कुमार कुशवाहा, देवकी महतो, हीरामन उर्फ चरका यादव, बालेश्वर पठारी, परमानंद सिंह, अशोक भाई पटेल, अनिल राय, रेणु देवी, बालेश्वर यादव, जलेश्वर महतो, अनिल प्रसाद, आरिफ अंसारी, वासुदेव महतो, धनेश्वर महतो, बबलू सिंह, दिना सिंह, गौतम सिंह, श्याम सिंह, सोनू सिंह, संजय प्रसाद, अजीत प्रसाद, तुलसी प्रसाद, प्रमोद राम, दिनेश यादव, इंद्रदेव प्रसाद, अनिल कुमार कुशवाहा, मोहम्मद सफीक, मोहम्मद अजीम, तुलसीदास कुशवाहा, रिंकू कुमार आदि उपस्थित थे।

## चुनाव की तैयारी को लेकर आयुक्त ने की बैठक

# गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर पुख्ता व्यवस्था करें: आयुक्त

- चुनाव संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की गयी समीक्षा
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाएं विशेष अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे, वैसे मतदान केंद्रों में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाये। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाये ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्या-क्या तैयारी हो गयी है इसकी जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

जिसमें आयुक्त के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी और पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति और उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता और उपलब्धता की स्थिति, मतदान केंद्रों पर आवश्यकता की सामग्री की स्थिति, सभी अंतरराज्य और अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान और रिजर्व या डिफेक्ट इवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग, और व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केंद्रों के संवेदनशीलता और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी और 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल वैलेट के जरिये मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या और अन्य का जायजा लिया गया। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए आयुक्त किस्पोट्टा ने उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए पानी संग अन्य जरूरी सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा मतदाता और मतदान को प्रभावित करने वाली प्रतिकूल गर्मी से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए रणनीति आवश्यक रूप से तैयार करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह और कोडरमा, उप विकास आयुक्त धनबाद और चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग और रामगढ़, आयुक्त के सचिव और प्रखंड विकास पदाधिकारी पदमा उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के कट्कमदाग प्रखंड के कदमा गांव में कदमा देवी मंडप में बजरंग बली प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से प्रारंभ हो गया है। यज्ञ को लेकर हनुमान जयंती पर नगर भ्रमण यात्रा सह कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। नगर भ्रमण के बाद मंडप में पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। 24 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। वहीं कलश यात्रा के पश्चात पंचांग पूजन, नन्दीमुख श्राद्ध, मंडप प्रवेश, बेदी पूजन, जलाधिवास के बाद संध्या आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए हर्ष अजमेरा ने सर्वप्रथम यज्ञ मंडप में माथा टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सकारात्मक और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। इस यज्ञ कार्यक्रम के पूजन अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए आचार्य मिथिलेश पांडेय हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उदयनाथ सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह, सत्यपाल सिंह, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, सहदेव सिंह, शंकर राणा, दिलीप साहू, प्रकाश साहू, मनोज सिन्हा, ऋषिकेश सिंह, नवीन सिंह, विजय सिंह, रीपू सिंह, शेखर सिंह, टिंकू कुमार, रोहित सिंह, उदयनाथ सिंह, विवेक सिंह, मोहित सिंह, सन्नी सिंह, पाल सिंह, वीरू सिंह, अभिज्ञान शौनिक्य, राजन सिंह, सागर सिंहा, अनिकेत सिंहा, रितिक सिंह, आयुष सिंह, सौरभ सिंह, बंटी सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, आनंद सिंह सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## नल-जल योजना में भारी गड़बड़ी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल-नल योजना विभाग की लापरवाही और ठिकेदार की मनमर्जी के चलते फैल साबित हो रहा है। ग्रामिण क्षेत्र में यह योजना इसलिए संचालित था कि लोगों को शुद्ध पेयजल सबों के घर में मिल सके। टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत में जल नल योजना में इतना अनिमियता है कि बिना चालु किये ही कभी सोलर प्लेट हवा में गिर रहा है तो कभी टंकी समेत लगा स्टैंड भी थोड़ा सा आंधी पानी में भी नहीं टिक रहा है भराजो पंचायत के दो गांव अमनारी और भराजो कि बात करें तो भराजो में करीब 20 बोरिंग किया गया लेकिन दो चार छोड़ कोई बोरिंग में पानी ही नहीं है। पानी नही रहने के बावजुद सभी जगह पर टंकी लगा दिया गया है। वहीं अमनारी में जितना टंकी लगाया है किसी को ठिकेदार के सही से नही लगाया है। इतना अनिमियता है कि कुछ दिन पुर्व जब हवा आंधी चला था तो सोलर प्लेट उड़ गया था। जिसे ठिकेदार के द्वारा किसी तरह सोलर लगा दिया गया है लेकिन वह उपयोग नहीं हो रहा है। जितना भी स्टैंड बनाया गया है किसी को पुर्ण रूप से नही कार्य पुरा नहीं किया गया है। जिसका नतीजा है कि मंगलवार को आया आंधी में अमनारी भोला महतो के घर पास 25 नंबर टंकी स्टैड सहित टंकी को उडा दिया गया है। इस पंचायत के ठिकदार द्वारा सही से काम नहीं किया गया है जब इसकी शिकायत गांव वालों ने विभाग के पदाधिकारी के पास जाता है तो वह भी चुप्पी साधे रहता है। भराजो पंचायत में देखा जाये तो यह योजना पुर्ण रूप से फैल होता दिख रहा है और विभाग के पदाधिकारी भी ठिकेदार को ही सहयोग करते नजर आ रहा है और दोनों की मिलीभगत से राशि का भी निकासी हो रहा है।

## होटल अरण्य विहार में आग लगने से भारी क्षति



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हरणगंज स्थित होटल अरण्य बिहार सह शादी घर में बुधवार सुबह भीषण आग लग गयी। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग लगी है। होटल के मैनेजर ने बताया कि सुबह 7:30 से 8:00 बजे सूचना मिली कि होटल में आग लगी है, घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन तब तक देर हो चुकी थी पूरे होटल को आग ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों की भीड़ भी जुट गयी, बताया यह भी जाता है कि यह शादी घर हर दिन बुक रहता था, किसी भी बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। यह भी बता दे की फायर सेफ्टी को लेकर इस होटल में किसी भी तरह के कोई कार्य नहीं करवाये गये थे, जिसके कारण भी यह बड़ी दुर्घटना को टाला नहीं जा सका। होटल संचालक ने बताया कि एक करोड रुपये से ऊपर का नुकसान आग के कारण उन्हें पहुंचा है। अभी जितने भी शादियों के लिए यह होटल बुक थे उन्हें कैंसिल करना पड़ेगा।

## बालू के अवैध खनन की शिकायत पर जांच दल ने किया निरीक्षण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित कई नदियों से बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की शिकायत मिलने पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार और पुलिस उप निरीक्षक विकास दुबे ने बुधवार को केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सायल नदी, बड़की नदी, पचड़ा नोवाखाप स्थित नदी का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान केरेडारी हाई स्कूल में किये गये बालू के स्टॉक का भी निरीक्षण किया है। निरीक्षण के उपरान्त सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार और जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार ने कहा की बालू के खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है और बालू के अवैध रूप से खनन, परिवहन और भंडारण न हो इसका सख्ती से अनुपालन किया जाये अन्यथा पकड़े जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान केरेडारी बिडिओ अमित कुमार और सीओ रामरतन कुमार बर्णवाल भी साथ रहे।

## मुखिया पर गलत वंशावली प्रमाणित करने का आरोप

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गैडा निवासी गोविंद राणा पिता गंदौरी राणा वगैरह ने स्थानीय मुखिया सुमन देवी पर गलत वंशावली प्रमाणित करने और करोड़ों की जमीन जायदाद को हड़पने की साज़िश रचने का आरोप लगाया है। इस बाबत गोविंद राणा, पिता गंदौरी राणा, मादो राणा पिता बबुन राणा, इंद्रदेव राणा पिता बबुन राणा, बालेश्वर राणा पिता पाचु राणा और सुरेंद्र राणा ने पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुखिया ने साजिश के तहत महेश राणा पिता सुरेश राणा ग्राम पोव थाना चंदवारा निवासी और रुपलाल राणा की दुसरी पत्नी सोहवा देवी का पुत्र विजय राणा बेड़ोखुर्द निवासी का नाम हमारे पूर्वज खाताधारी किशु राणा के वंशावली में जोड़ दिया गया है। इसी वंशावली के आधार पर उपरोक्त दोनों व्यक्ति को लेख्यकारी बनाकर खाता संख्या 67 प्लाट संख्या 3047 की दो किता का जमीन 11 और 8 डी० कुल 19 डी० जमीन रजिस्ट्री की बात से सम्पत्ति बेचने की गुप्त साजिश रची जा रही है। उन्होंने गांव के ही श्याम साव और ब्रह्मदेव साव पर पैसों के लालच में गलत वंशावली बनाने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मुखिया ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

### आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां के नामांकन में पहुंचे मंत्री ने भाजपा पर जमकर बोला जुबानी हमला

# भाजपा की लुभावनी घोषणाओं पर विश्वास नहीं करना : सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी ममता भइयां के समर्थन में आयोजित जनसभा में मंत्री सत्यानंद भोक्ता व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के आइएनडीआइए गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुईयां द्वारा गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के अवसर पर झारखंड के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने शामिल हुए थे। नामांकन के बाद हाउसिंग कालोनी में जनसभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की। इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे। कहा कि 10 वर्षो के शासनकाल में केंद्र की मोदी सरकार की एक भी बड़ी योजना धरातल पर नहीं उतरी है। इस वर्षो में सिर्फ जात-धर्म के नाम पर लोगों को आपस में बांटा गया है। देश में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर गयी है। सांसद आदर्श ग्राम की हालत जनता देख ही रही है। जहां कोई विकास का काम नहीं हुआ। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासनकाल में झारखंड में विकास का माहौल बना तो भाजपा को रास नहीं आया और झूठे केस में फंसा दिया गया। लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में भी झारखंड विकास के मामले में निरंतर आगे बढ़ रहा है। वहीं, लोकसभा प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि भाजपा के शासन काल में गरीबों का नहीं, बल्कि बड़े पूंजीपतियों का ऋण माफ किया गया। भाजपा का एक ही नारा है चंदा दो और काम लो। मोदी की सभी गारंटी ध्वस्त हो गयी है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पलामू सहित पूरे राज्य की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। पलामू शुरू से राजद का गढ़ रहा है। इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जीत का इतिहास रचेंगीं। इस मौके पर बिहार के मनेर विस क्षेत्र के विधायक वीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम सागर राणा, प्रधान सचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, गढ़वा राजद जिलाध्यक्ष सुरज सिंह,विजय राम, वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष भर्दुल चौधरी,विजय चौबे और प्रमोद यादव आदि मौजूद थे।

## वीडी राम के नेतृत्व में ही होगा पलामू का चौमुखी विकास : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल (वीडी) राम ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। वहीं उनके नामांकन रैली में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गाजे-बाजे के साथ भाजपा की महिलाएं, युवा और लड़कियां भगवा रंग का साफा पहने पैदल एवं बाइक चलाते हुए शामिल हुई, जो आकर्षण का केंद्र था। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि हम भाजपाई एवं शहर की आम महिलाए अपने सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया है ताकि हमारे सांसद (वीडी राम) इस बार मंत्री बनें और हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो।

## नियमों की अनदेखी, 24 वाहन जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सिजुआ एरिया 5 के निचितपुर कोलियरी क्षेत्र में संचालित डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में औचक निरीक्षण करने पहुंचे धनबाद अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, राज्य कर पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी सहित जिला खनन टास्क फोर्स के अधिकारियों ने कंपनी में कई अनियमिताएं देख नाराजगी जाहिर की। साथ ही आउटसोर्सिंग कंपनी में प्रयोग होने वाले वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस क्रम में डीओ होल्डर के 9 वाहन, संजय उद्योग 8 बीसीसीएल के 6 एवं डेको के एक वाहन में फिटनेस, इंश्योरेंस सहित मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन पाया। जिसके बाद तुरंत नौ वाहनों को जब्त कर ईस्ट बांसुरिया ओपी को सौंप दिया। साथ ही 15 वाहनों को जब्त करने का आदेश स्थानीय थाना को दे दिया। वहीं, खनन टास्क फोर्स के अधिकारियों ने बताया कि डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन की जांच की गयी, जिसमें पाया गया कि निचितपुर कोलयरी के डेको आउटसोर्सिंग व डीओ होल्डर में निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है। साथ ही कई अनियमितता भी उजागर हुई। जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनी में अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार के स्थान पर एक ही द्वार है। वहीं ड्रेस के साथ सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं थी। सीसीटीवी कैमरे आदि भी कहीं नहीं मिले। आउटसोर्सिंग परियोजना से निकलने एवं रेलवे साइडिंग तक पहुंचने पर, दोनों स्थानों पर लोड कोयले का वजन नहीं किया जाता है। इस प्रकार कंपनी द्वारा नियमो को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। इस मामले में ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी सत्येंद्र यादव ने बताया की बीसीसीएल द्वारा हमे तत्काल 9 वाहन सौंपी गई है, बाकि 15 वाहन को अगले दिन तक देने की बात हुई है।

## पूर्व नपं उपाध्यक्ष ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर पेयजल आपूर्ति चालू करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता


पंप हाउस का जायजा लेते पूर्व वार्ड पार्षद।

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के पूर्व नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर शहर में यथाशीघ्र पेयजलापूर्ति चालू करने की मांग की है। पत्र में बताया कि हुसैनाबाद शहर में 18 अप्रैल से पानी सप्लाई बंद है। इस भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कई बार मौखिक रूप से अवगत कराने के बाद आश्वासन मिलता है कि मोटर रिपेयरिंग हो रहा है। उसके बाद सप्लाई शुरू कर दिया जायेगा और जब मोटर बनकर लगता है तो फिर भी पानी कि सप्लाई शुरू नहीं हो पाता है। फिर पता चलता है कि मोटर का बैरिंग मार दिया है। आखिर ये सिलसिला कब तक चलता रहेगा। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए ठोस पहल कर जल्द से जल्द पानी आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि हुसैनाबाद एसडीओ व पलामू डीसी को भी दिया है। वहीं, बुधवार को पूर्व पार्षद सुहैल आलम ने भी देवरी स्थित पंप हाउस का जायजा लिया। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि मोटर में तकनीकी खराबी के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। मोटर ठीक करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। एक से दो दिनों के अंदर शहर में पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

## गांडेय उपचुनाव में कल्पना की जीत को लेकर गिरिडीह झामुमो की बैठक




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गांडेय उपचुनाव को लेकर बुधवार को गिरिडीह के झामुमो कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, पार्टी के अध्यक्ष संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शाहनवाज अंसारी, झामुमो नेत्री प्रमिला मेहरा, दिलीप रजक भी शामिल हुए। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और भरोषा दिलाया कि हर हाल में गांडेय उपचुनाव को लेकर एक-एक कार्यकर्ता सक्रिय रहेगें। आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन की जीत तय कराएगें। हालांकि बैठक में कुछ वक्ताओं ने झामुमो महिला मोर्चा की धीमी गतिविधियों पर नाराजगी भी जाहिर की। कुछ महिलाओ को छोड़कर झामुमो की अधिकांश महिला कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी है। वक्ताओं ने कहा कि उपचुनाव सिर्फ कल्पना सोरेन की जीत तक सीमित नहीं है। बल्कि, मोदी सरकार के सच को सामने लाने का लड़ाई है। इधर बैठक में झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।


## वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने धनबाद आईटीआई एवं राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां मटेरियल डिस्पैच, ईवीएम डिस्पैच, बूथवार मार्किंग, पोलिंग पार्टियों के बैठने की व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। डीसी ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल सिंह आदि थे।

# स्पोर्ट्स



आइसीसी ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आइसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेस्डर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड कप इस बार 1 से 29 जून तक वेस्टइंडिज व अमेरिया में खेला जाएगा।

## उसैन बोल्ट बने आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर

### कहा-अमेरिका में क्रिकेट का आना बड़ी बात, निश्चित रूप से वेस्टइंडीज को करूंगा सपोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आइसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैंपियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। बोल्ट ने कहा कि वे आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित महसूस कर रहे हैं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

### बोल्ट के नाम 100 मीटर रेस में वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने तीन ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में दो, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

### क्रिकेट के कारण ही उसैन बोल्ट को एथलेटिक्स में मिला था करियर

जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे। एक दिन बोल्ट के क्रिकेट कोच ने पिच पर उनके दौड़ने की स्पीड देखी और सलाह दी कि उन्हें स्प्रिंटिंग में कोशिश करनी चाहिए। बोल्ट ने अपने कोच की सलाह मानी और दौड़ का प्रशिक्षण लेने लगे। पहली बार लगभग 15 साल की उम्र में कैरेबियन रीजनल प्रतियोगिता में जमैका के लिए खेलते हुए 2001 में, 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता। 2002 में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में एक गोल्ड के साथ तीन मेडल जीते।

### वर्ल्ड कप के ऑफिशियल सॉन्ग में करेंगे कैमियो

एम्बेसडर के रूप में, बोल्ट इस इवेंट को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसकी शुरूआत अगले सप्ताह सिंगर सीन पॉल और केस के साथ ऑफिशियल सॉन्ग वीडियो के रिलीज में एक कैमियो के साथ होगी। आठ बार के ओलंपिक गोल्ड मेडल विनर वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप मैचों में भी भाग लेंगे और अमेरिका के अंदर खेल को बढ़ावा देने वाले फैंस इवेंट्स का भी हिस्सा होंगे।

### भारत और पाकिस्तान के सभी मैच अमेरिका में

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के शुरूआती 3 मैच न्यूयॉर्क और चौथा मैच फ्लोरिडा में होगा। टीम अपना पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड, दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से खेलेगी।

### कनाडा-अमेरिका के बीच ओपनिंग मैच

टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला एक जून को डालास में ही होगा। वेस्टइंडीज अपना पहला मैच 2 जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गयाना में खेलेगा। टूनार्मेंट में 20 टीमों के बीच 29 दिन तक कुल 55 मैच खेले जाएंगे, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार ही होगा। 1 से 17 जून तक ग्रुप स्टेज के 40 मैच होंगे। 19 से 24 जून तक सुपर-8 स्टेज के 12 मुकाबले खेले जाएंगे। 26 जून को गयाना में पहला सेमीफाइनल और 27 जून को त्रिनिदाद में दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा। 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मैच खेला जाएगा।

#### वेस्टइंडीज में 41 और अमेरिका में 14 मुकाबले

टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के 6 शहरों में कुल 41 मुकाबले होंगे, यहीं तीनों भी नॉकआउट मैच होंगे। जबकि अमेरिका के न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डालास शहर में बाकी 14 मुकाबले होंगे। वेस्टइंडीज के 6 शहर त्रिनिदाद, गयाना, बारबाडोस, एंटीगुआ, सेंट विंसेंट और सेंट लुसिया हैं।

## डोमेस्टिक प्लेयर्स की सैलेरी बढ़ाने पर बीसीसीआइ कर रहा है विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) घरेलू खिलाड़ियों के लिए सैलेरी बढ़ाने पर विचार कर रहा हैं। क्रिकेट वेबसाइट के मुताबिक, इसके लिए अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसे को लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया है। हालांकि, बढ़ी हुई मैच फीस की घोषणा की संभावना नहीं है, लेकिन नेशनल सिलेक्शन कमेटी ने प्रस्ताव पर चर्चा की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आइपीएल में हिस्सा नहीं लेने वाले घरेलू खिलाड़ी वंचित महसूस न करें। अलग-अलग योजनाओं पर विचार चल रहा है लेकिन बीसीसीअइ इस बात पर एकमत है कि घरेलू क्रिकेटरों की फीस कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। एक सोच यह भी है कि अगर घरेलू खिलाड़ी ने 10 रणजी ट्रॉफी मैच खेले हैं तो उन्हें सालाना 75 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए के बीच कमाई करने की स्थिति में होना चाहिए। बतातें चलें कि रणजी प्लेयर्स को बीसीसीआइ की तरफ से फीस दी जाती है। बीसीसीआइ ने इसके लिए तीन स्लैब निर्धारित किए हैं। 40 से ज्यादा फर्स्ट क्लास मैच खेलने वाले प्लेयर्स को एक दिन के 60 हजार रुपए मिलते हैं, यानी एक 4-दिवसीय मैच के लिए 2.40 लाख रुपए। 21 से 40 फर्स्ट क्लास मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक दिन के 50 हजार रुपए मिलते हैं, यानी एक 4-दिवसीय मैच के लिए 2 लाख रुपए। 20 से कम फर्स्ट क्लास मैच खेलने वाले प्लेयर्स को एक दिन के 40 हजार रुपए मिलते हैं, यानी एक 4-दिवसीय मैच के 1.60 लाख रुपए।

### मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने मैच फिस डबल की

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने रणजी ट्रॉफी प्लेयर्स की फीस बढ़ाने का फैसला ले चुकी हैं। प्लेयर्स की सैलरी अगले सीजन से दोगुनी बढ़ जाएगी। अनुभवी खिलाड़ियों को 2024-25 के सीजन से एक फर्स्ट क्लास मैच के लिए 4.80 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं बाकी बोर्ड के प्लेयर्स को एक मैच के 2.40 लाख रुपए मिलते हैं।

### आइएनडीआइए गठबंधन की उम्मीदवार अनुपमा सिंह के समर्थन में धनबाद में शुरू हुआ प्रचार अभियान

# भाजपा की उपेक्षा झेल रहे धनबाद का कांग्रेस करेगी विकास : अनूप

**घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों और कांग्रेस के घोषणापत्र से जनता को अवगत कराने का निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, नगर, प्रखंड अध्यक्षों के साथ बुधवार को एक होटल में बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस के घोषणापत्र की पांच गारंटी, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, नारी न्याय, हिस्सेदारी न्याय को धनबाद लोकसभा में हर दरवाजे तक पहुंचाने के लिए चुनाव प्रचार अभियान कि शुरूआत का निर्णय लिया गया। धनबाद लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए की कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह के समर्थन में बेरमो विधायक अनुप सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, वरिष्ठ इंटक नेता एके झा के साथ इस अभियान की शुरूआत की गई। कांग्रेस धनबाद संसदीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर पांच न्याय गारंटी अभियान शुरू करेगी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि मैं खुद युवा कांग्रेस से पदाधिकारी रह चुका हूं। युवाओं का दर्द समझता हूं। एक सभ्य, सशक्त व मजबूत समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती हैं। युवा कांग्रेस की रीड की हड्डी है। युवाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। युवा कमर कस लें तो मौजूदा हालात में हमें आगे आकर लोकतंत्र व संविधान को बचा सकेंगे। क्योंकि मोदी सरकार में कुछ भी सुरक्षित नहीं है। भाजपा के 400 पार के नारे को खोखला करार दिया। आरोप लगाया कि हमारे संविधान द्वारा सुनिश्चित सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय को खत्म करने की साजिश की जा रही है। दूसरी ओर कांग्रेस की घोषणा पत्र अधिकारों को बनाए रखने और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए जनगणना का वादा कर रहा है। लोकसभा चुनाव सिर्फ दो राजनीतिक विचारधाराओं के बीच की लड़ाई नहीं, बल्कि भारत के संविधान और उनके अंतर्गत सिद्धांतों को बचाने की लड़ाई है। कहा कि भाजपा का चाल, चेहरा और चरित्र उजागर हो चुका है। आरोप लगाया कि धनबाद भाजपा की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। डीवीसी द्वारा निर्बाध बिजली नहीं देने के कारण यहां के उद्योग एवं लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़े-बड़े आउटसोर्सिंग होने के बावजूद भी बेरोजगारी चरम पर है। प्रदूषण से लेकर हर तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। फ्लाईओवर नहीं होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। धनबाद की जनता अगर मतदान के रूप में अपना आशीर्वाद देती है तो, इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के राजीव रंजन कुमार, लोकसभा प्रभारी विक्की कुमार, जिला उपाध्यक्ष तबरेज खान, महासचिव विक्की कुमार, कमल शर्मा, सूरज वर्मा, सोनू यादव, राजा खान, वसीम खान, गुलाम, खुर्शीद अंसारी, अरुण दास, मजहर आलम, अनु अंसारी, दीपक यादव, टिंकू अंसारी आदि उपस्थित थे।



पत्रकारों से बातें करते बेरमो विधायक अनूप सिंह व अन्य।

# मलेरिया की रोकथाम जागरूकता व जन सहयोग से ही संभव है : सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जन जागरूकता व जन सहयोग से ही मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा ना होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने कही। वे विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इस कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है। उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना और थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना हितकारक है। कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों (सहिया, एमपीडब्लू, एएनएम) के पास निःशुल्क उपलब्ध है। गंभीर मलेरिया के रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध है। सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अप्रैल विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सुबह 9.30 बजे सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसमें सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन कर मलेरिया को नियंत्रित व रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा और सदर अस्पताल के डॉ राजीव कुमार मौजूद थे।

## किसी के बहकावे में आकर नहीं, सोच समझ कर मतदान करें : अरुण चटर्जी



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा के डुमरकुंडा स्थित एक निजी विवाह भवन में बुधवार को मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदिश रवानी मौजूद थे। इस अवसर पर अरुप चटर्जी ने कहा कि मासस सभी समाज, वर्ग, जाती व धर्म से जुड़कर कार्य करने वाली पार्टी है। एके राय के बाद धनबाद के विकास के लिए किसी ने काम नहीं किया। कोल, सेल, डीवीसी आदि सभी निजीकरण के तरफ जा रहे हैं। जो यहां के मजदूर नेता थे उन लोगों ने कभी विरोध नहीं किया। इस लिए इस बाद किसी के बहकावे में आकर नहीं, सोच समझ कर मतदान करें, ताकि धनबाद जिले का विकास को और यहां की जनता लाभावित हो। वहीं, लोकसभा प्रत्याशी जगदिश रवानी ने कहा कि पूरा देश जिस विचारधारा के चंगुल में फंसा है उससे निकलकर मार्क्सवादी विचारधारा ही देश में व्याप्त बेरोजगारी, मंहगायी व शिक्षा आदि से निजात दिला सकती है। उन्होंने कहा कि धनबाद के सांसद पीएन सिंह विकास नहीं कर पाये हैं। मौके पर संतु चटर्जी, संतोष मिश्रा, कल्याण राय, राजू अंसारी, मानिक लाल गोरायी, अभया राखा, अमरेश चक्रवर्ती, मोईज खान, नांटू गोस्वामी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने निरसा, पंचित, मैथन और चिरकुंडा में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** कांग्रेसियों ने निरसा क्षेत्र के चूड़ेलाल, पंचित क्षेत्र के लाईकडी तातिक कनाली और चिरकुंडा क्षेत्र के सुंदर नगर व मैथन में बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसकी अगुवाई कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास ने की। बतातें चलें कि आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए प्रचार मुहिम तेज करते हुए इस दिन निरसा, चिरकुंडा, पंचित और मैथन में चलाया जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री व राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामल कुमार सरकार ने कहा कि भाजपा झूठे वादे कर जनता को लूटने में जुटी है। भाजपा ने आज तक चूड़ेलाल में ना ही सड़क दिया, ना ही बिजली-पानी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा इस बार 400 पार का नारा दे रही है। पर कांग्रेसी देश की जनता के साथ मिलकर उसे ही सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी। वहीं, कांग्रेस नेत्री सह चंदनकयारी विधानसभा प्रभारी दुर्गा दास ने कहा कि नरेंद्र मोदी और भाजपा के लोग झूठे वादे ही करते रहते हैं। केंद्र में भाजपा सरकार के रहते महंगाई चरम पर है। लेकिन इस पर कोई बात नहीं कर रहा है। केवल धर्म और जाती की बातें ही कही जा रही हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी यूनियन सीसीएल रीजनल के उपाध्यक्ष अंजनी त्रिपाठी, डीवीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के सचिव सदन सिंह, सुभम कुमार सिंह, अमन रजक, विजय सिंह, विजय दास, सविता कुमारी, पूजा हासदा, आरती टुडू, सरस्वती किस्कू, विजय हांसदा, हेमलाल टुडू और नंदलाल मरांडी आदि मौजूद थे।



## पेड़ से टकरायी कार, एक की मौत

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदर-सरिया रोड के जमुनिया मोड़ के समीप बुधवार को चार पहिया वाहन एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान उमेश मल्हार के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम महेंद्र मल्हार है। हउसे बगोदर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह भी घटनास्थल पहुंच गए और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले गए। जानकारी के अनुसार उमेश और महेंद्र गिरिडीह के घोड़थंबा के तारानाखो गांव के रहने वाले हैं। इस दिन बगोदर से सरिया जा रहे थे। उनकी कार की रफ्तार काफी तेज थी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो मृतक उमेश मल्हार शराब के नशे में था। गाड़ी भी वही चला रहा था। इसी बीच बगोदर से सरिया के रास्ते में घुमावदार रास्ते पर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। यह देख लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया।

## गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में बुधवार को सुरक्षा अभियंत्रण एवं ऊर्जा प्रबंधन विभाग की ओर से गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शक्ति कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे और संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 300 अधिकारीगण, कार्मिक और ठेका मजदूर उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) राकेश प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों और मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे ने सभी प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई और इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) गुलशन कुमार ने अपने संबोधन में स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व की जानकारी दी और सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की। मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया ने प्लांट के लिये गैस संबंधित दुर्घटनाओं के कारण और उनसे बचाव के उपायों पर ध्यान केंद्रीत करने और गैस सुरक्षा के लिए प्रभावी उपायों और सुरक्षा नियमों की जानकारी बढाने की सभी प्रतिभागियो से अपील की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शक्ति कुमार ने अपने प्रस्तुतीकरण द्वारा सभी प्रतिभागियो को जागरूक किया। इसके बाद ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महा प्रबंधक सौरभ सिंह और महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) विनोद कुमार ने भी अलग-अलग प्रस्तुतीकरण दिया एवं प्रतिभागियो को गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) अनिरुद्ध दिवाकर ने किया।

## स्कूलों की मनमानी से परेशान अभिभावकों ने बोकारो डीसी को आवेदन देकर की शिकायत

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** निजी स्कूलों की मनमानी पर अय्यप्पा, एमजीएम व डीपीएस के अभिभावकों ने डीसी कार्यालय में आवेदन देकर शिकायत की है। अभिभावकों का आरोप है कि अय्यप्पा स्कूल की ओर से बुकलिस्ट दी गई थी जिससे हमने संबंधित बुक स्टाल से बुक खरीदा। फिर कुछ दिन पूर्व स्कूल की वेबसाइट में बुक लिस्ट जारी किया गया। वह पूर्व में स्कूल से दिए गए बुक लिस्ट से काफी भिन्न है। जब स्कूल प्रबंधन से पूछा जा रहा कि कौन सा लिस्ट वैध है तो प्रबंधन टालमटोल कर रहा है। इससे स्कूल के सभी अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। जो कीताबें खरीदी जा चुकी है उसका क्या होगा। वहीं, डीपीएस के अभिभावकों ने कहा कि पिछले साल व इस साल की फीस में लगभग 10 हजार रुपये का अंतर किया गया है, जो स्कूल की मनमानी को दर्शाता है। कई तरह की फीस चार्जेज में बढ़ोतरी की गई हैं। जो सरासर अन्याय है। हम अभिभावक स्कूल की मोटी फीस दे या घर चलाये। शिक्षा के नाम पर सभी स्कूल लूटने में लगे। दो महीनों की फीस एक साथ मांगी जा रही है, जो लगभग 10 हजार रुपये से अधित होता है। वहीं, एमजीएम स्कूल द्वारा फीस के चालान में अतिरिक्त बुक के लिये फीस में जोड़ कर 500 रुपये अधिक मांगा जा रहा।

## सिंहभूम केंद्र से झामुमो उलगुलान के अध्यक्ष कृष्णा मार्डी ने आज करेंगे नामांकन दाखिल

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) उलगुलान के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी गुरुवार को सिंहभूम लोकसभा केंद्र से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस मौके पर झामुमो उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, सचिव दिगंबर महतो आदि मौजूद रहेंगे। बताते चलें कि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। वे चाईबासा से 1985 में झामुमो के बैनर चले चुनाव लड़ा और पहली बार विधायक बने थे। 1991 सिंहभूम लोकसभा से झामुमो के सांसद भी चुने गए। वहीं, केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने फुसरो में संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि अन्य लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी देने या समान विचारधारा वाले दल को समर्थन देने के लिए 26 अप्रैल को धनबाद में होने वाली केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।



## मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने की। इसमें नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता, नगर परिषद कर्मी व सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी (रितिका प्राइवेट लिमिटेड), सीआरपी एनयूएलएम सहित बीएलओ सुपरवाइजर शहरी क्षेत्र उपस्थित हुए। बैठक में कुंभकार ने बताया कि नगर क्षेत्र में जिनका नाम मतदाता सूची में छुटा हुआ है उनका नाम जोड़ने, मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता, जहां पूर्व में कम मतदान हुए हैं वहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने, वोट प्रतिशत बढ़ाने, सभी वार्डों में मतदान को लेकर प्रोग्राम करने का निर्देश दिया। साथ ही नोडल पदाधिकारी को मतदान में लगे सभी कर्मियों को निगरानी करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सिटी मिशन मैनेजर सुजीत कुमार त्रिवेदी, सिटी मैनेजर कुमार निशांत, कनीय अभियंता शुभम कुमार, राजीव रंजन कुमार, मनीषा कुजूर, बीएलओ सुपरवाइजर नुनु लाल मुर्मू, रवि कुमार, एनयूएलएम से चिंता देवी, रेखा देवी, बेबी देवी, मुन्नी देवी, देबोजित कुमार, शंकर कुमार, तपन कुमार व दिव्यांश कुमार आदि उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक, चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति

# धनबाद से मानस प्रसून, झरिया से रवि सिंह और बाघमारा से महेश पासवान बने विधानसभा प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला भाजपा की बैठक बुधवार हाउसिंग कॉलोनी स्थित लोकसभा चुनावी कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई और धनबाद लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को अभी से ही तैयारी में जुटने का आह्वान किया। वहीं केंद्र सरकार के पिछले 10 साल की उपलब्धि के साथ दूसरे कालखंड के एक साल में देश की आजादी के बाद भी 70 साल तक जो विकट समस्या जम्मू कश्मीर से धारा 370, मुस्लिम महिलाओं का तीन तलाक, राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण के लिए उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान में शौचालय निर्माण का निर्माण, घर-घर बिजली पहुंचाने का काम जैसे अनेकों लाभकारी योजना के माध्यम से गरीबों को मूलभूत सुविधा पहुंचाने का जो काम हुआ है, उसे बताने को कहा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के विकास के साथ ही पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाया है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से जिताकर संसद भेजना हैं और प्रधानमंत्री जी के हाथों को और अधिक मजबूत करना हैं। उन्होंने कहा भाजपा धनबाद महानगर शक्ति केंद्र स्तर पर पथसभा का आयोजन करेगी और प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचायेंगें। पथसभा कार्यक्रम के लिए जिला अध्यक्ष ने विधानसभा स्तर पर प्रभारी की नियुक्ति भी की है। जिनमें धनबाद विधानसभा के प्रभारी मानस प्रसून, झरिया विधानसभा के प्रभारी रवि सिंह और बाघमारा विधानसभा के प्रभारी महेश पासवान बनाए गए हैं। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा बड़े अंतर से जीत हाशिल करेंगी। जिसके लिए जिले के एक-एक कार्यकर्ता को पूरी तरह तैयार हैं। बैठक में जिला महामंत्री नितिन भट्ट, रवि सिंहा, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, वीरेंद्र हंसदा, संजय झा, उमेश यादव, जिला मंत्री महेश पासवान, कंचन चौरसिया, चंद्रशेखर मुन्ना, राज किशोर जेना, रजनीश तिवारी, निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, राजकुमार मंडल, आनंद खंडेलवाल, विकास मिश्रा, संतोष कुमार, अभिषेक पांडे, राजाराम पासवान, सुजीत कुमार, शिवांश श्रीवास्तव, अमरजीत कुमार आदि उपस्थित थे।



पत्रकारों से बात करते भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण राय व अन्य।

**जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, सिमडेगा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 ड्यूटी हेतु कॉल–अप आदेश

महानिदेशक सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखण्ड राँची के कार्यालय का ज्ञापांक–820 / OTD दिनांक– 16.04.2024 के माध्यम से आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रभावी बल के 70% गृह रक्षकों के प्रतिनियुक्ति हेतु आदेश प्राप्त है।

उक्त आदेश के आलोक में सिमडेगा जिला के प्रभावी बल के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 28.04.2024 तक निश्चित रूप से जिला समादेष्टा कार्यालय सिमडेगा में अपना आगमन कराना सूनिशचित करेंगे।

गृह रक्षकों का नामांकन का उदेश्य आपातकालिन ड्यूटी में सहयोग करना है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी में ससमय आगमन दर्ज नही कराना आदेश की अवहेलना मानी जायगी तथा वैसे गृह रक्षकों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय से अनुशंसा की जायेगी जिसके लिए स्वंय जिमेवार होंगे।

इसे अति आवश्यक समझेंगे।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0)
–सह–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,सिमडेगा

PR 324048 Police(24-25).D

# वेदांता एल्युमीनियम ने 'ऑटोएज' कॉन्क्लेव का आयोजन किया, ऑटो उद्योग के लिए एल्युमीनियम रेंज साझा की

आजाद सिपाही संवाददाताप



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने हाल ही में नई दिल्ली में ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए एक उद्योग सम्मेलन ऑटोएज 2024 का आयोजन किया। आधुनिक परिवहन के कई रूपों को सक्षम करने के लिए जिम्मेदार एल्युमीनियम ने खुद को एक महत्वपूर्ण कच्चे माल के रूप में भी स्थापित किया है। ऑटोमोटिव विनिर्माण के लिए सामग्री। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के भविष्य के रोडमैप और इसके परिवर्तन में एल्यूमीनियम की भूमिका पर विशेषज्ञों के नेतृत्व वाले सत्र शामिल थे, और यह सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर था। इस आयोजन में उद्योग जगत के शीर्ष वाहन निमार्ताओं और आवश्यक घटक निमार्ताओं ने भाग लिया। एल्युमीनियम एक हल्की धातु है जिसमें उच्च शक्ति-से-वजन अनुपात, उत्कृष्ट विद्युत चालकता, बेहतर संक्षारण प्रतिरोध और अनंत पुनर्चक्रण जैसे गुण होते हैं। ये गुण इसे तेजी से बढ़ते ऑटोमोटिव क्षेत्र के भीतर कई अनुप्रयोगों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनाते हैं, जिसके वित्त वर्ष 2031 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 15% योगदान करने की उम्मीद है। औसतन, एक आंतरिक दहन (आईसी) इंजन वाहन में लगभग 180 किलोग्राम एल्यूमीनियम होता है, जबकि आज एक इलेक्ट्रिक वाहन में लगभग 260 किलोग्राम एल्यूमीनियम होता है। इवेंट पर टिप्पणी करते हुए, वेदांत एल्युमीनियम के सीईओ, श्री जॉन स्लेवेन ने कहा, ह्लहम ऑटोमोटिव उद्योग में अपने ग्राहकों को लाभों का एक बेजोड़ संयोजन प्रदान करते हैं: वैश्विक विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक, अनुकूलित मिश्र धातु, व्यापार करने में आसानी, एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला। और सबसे महत्वपूर्ण बात, स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता। नवीन उत्पाद विकास, तकनीकी परिष्कार और स्थानीयकरण द्वारा समर्थित, वे भारतीय ऑटोमोटिव खिलाड़ियों के लिए वैश्विक कंपनियों के समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रस्तुत करते हैं। वीपी सिंह, बिजनेस हेड, यूनो मिंडा, वेदांत एल्युमीनियम ने ऑटोमोटिव सेक्टर कैसे विकसित होने के लिए तैयार है, इस बारे में समृद्ध अंतर्दृष्टि प्रदान की, और कई तरीकों से एल्युमीनियम हमें इस परिवर्तन से अधिकतम मूल्य प्राप्त करने में मदद कर सकता है। सहयोगात्मक प्रयासों का परिणाम हमेशा बेहतर समाधान होता है, और इसलिए हम उन्नत नवाचार और व्यावसायिक विकास को अनलॉक करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने के लिए तत्पर हैं। ऑटोमोटिव क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एल्युमीनियम की क्षमता को पहचानते हुए, वेदांता एल्युमीनियम उद्योग के लिए कई उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पेश करता है। इनमें से कुछ में सिलेंडर हेड और मिश्र धातु पहियों को विकसित करने के लिए विशेष प्राथमिक फाउंड्री मिश्र धातु (पीएफए) और क्रैश-प्रतिरोधी एक्सट्रूजन के लिए बिलेट्स शामिल हैं जो उच्च प्रभाव प्रतिरोध की आवश्यकता वाले अनुप्रयोगों के लिए आदर्श हैं। इसके अलावा, कंपनी विभिन्न ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए सिल्लियां, रोल्ड उत्पाद और वायर रॉड भी प्रदान करती है। इन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका, स्पेन और इटली सहित अन्य देशों से प्राप्त विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके उत्पादित किया जाता है, और उनकी उच्च उत्पादन गुणवत्ता और मांग को प्रमाणित करते हुए, उच्च-स्तरीय अनुप्रयोगों के लिए 60 से अधिक देशों में ग्राहकों को आपूर्ति की जाती है। वेदांता एल्युमीनियम ने लगातार उत्पाद नवाचार के लिए 'ग्राहक-पहले' दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया है। कंपनी की ग्राहक तकनीकी सेवा टीम ग्राहकों के साथ उनकी विशिष्टताओं के अनुसार उत्पाद विकसित करने के लिए मिलकर काम करती है। ओड़िशा के झारसुगुड़ा में कंपनी के आगामी एल्युमीनियम पार्क में, डाउनस्ट्रीम कंपनियां पास के वेदांता के मेगा एल्युमीनियम स्मेल्टर से समय-समय पर पिघली हुई धातु तक पहुंचने के लिए अपनी इकाइयां स्थापित कर सकती हैं। वेदांता एल्युमीनियम ने हाल ही में 750 से अधिक प्राथमिक एल्यूमीनियम उत्पादों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा ई-सुपरस्टोर वेदांता मेटल बाजार भी लॉन्च किया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित सुविधाओं के साथ ग्राहकों के लिए एक सरल एंड-टू-एंड खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 के अनुसार, कंपनी को दुनिया के सबसे टिकाऊ एल्यूमीनियम उत्पादक के रूप में मान्यता दी गयी है। इसके संचालन, जिसमें झारसुगुड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम स्मेल्टर और कोरबा, छत्तीसगढ़ में भारत का प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम उत्पादक बाल्को शामिल है, दोनों को इसके द्वारा प्रमाणित किया गया है। एल्युमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) अपने कठोर प्रदर्शन मानकों के अनुसार। इसके अलावा, कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले एल्यूमीनियम उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को पर्यावरण उत्पाद घोषणा (ईपीडी) इंटरनेशनल द्वारा टिकाऊ रूप से उत्पादित के रूप में सत्यापित किया गया है। वेदांत एल्युमीनियम भारत में अपने गलाने के संचालन के लिए 16949:2016 प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला है, और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित सभी लागू मानकों के अनुसार अपने विशाल उत्पाद रेंज के लिए प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला है। यह अपने रेस्टोरा रेंज के तहत कम कार्बन, 'ग्रीन' एल्यूमीनियम की पेशकश करने वाला पहला है। नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके निर्मित रेस्टोरा में ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन तीव्रता है जो प्रति टन 4 टन सीओटू समकक्ष से कम है। एल्युमीनियम निर्मित-एल्युमीनियम को निम्न कार्बन माने जाने की वैश्विक सीमा। पुनर्प्राप्त एल्युमीनियम से बने रेस्टोरा अल्ट्रा का कार्बन फुटप्रिंट और भी कम है, जो दुनिया में सबसे कम है।

## नामांकन और प्रचार प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो के साथ बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ट नेता लक्ष्मण सिंह ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्री सिंह ने कहा की आगमी कोडरमा लोकसभा चुनाव को देखते हुए कोडरमा लोक सभा के भाजपा प्रत्यासी सह पूर्व सांसद का नामांकन तथा प्रचार प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। कहा कि नामांकन के दिन धनवार विधानसभा से अधिक से अधिक संख्या में लोगो को पहुंचने के लिए आग्रह किया। कहा कि इसके लिए सभी मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, संयोजक, सह संयोजक तथा मोर्चा के अध्यक्ष नामांकन के दिन धनवार विधानसभा कार्यालय पहुंचना अति आवश्यक है। वही लोगो को आगामी चुनाव को लेकर ब्यापक प्रसार प्रचार कर देश के प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणी कारी कार्यो को घर-घर तक पहुचाने लोगो को जागरूक करने आदि बातों से को लेकर अवगत कराया गया। कार्यकर्ताओं को अभी से चुनाव में लग जाने की अपील की। कहा कि समय बहुत कम है इसको भी ध्यान में रखना है। मौके पर सुनील अग्रवाल, राजेन्द्र यादव, प्रधुम्न वर्मा, अशोक राय, रौशन सिंह, श्रीकांत, अशोक राय, मदन राय, किशोर बर्णवाल,सुषेण पांडेय, लोकेश चौधरी, सोहन यादव, छत्रधारी वर्मा, महेश वर्मा,पवन सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने 'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस' मनाया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने 14 अप्रैल 2024 को संबलपुर प्लांट में 'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस' मनाया। अनिल कुमार सिंह अध्यक्ष और डब्ल्यूटीडी ने वरिष्ठ नेतृत्व दल के साथ-साथ पूरी सुरक्षा और अग्निशमन सेवा दल की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। 'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस' हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है और यह दिन अग्नि सुरक्षा और रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। 'अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान दें' विषय के अनुरूप, जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने कई कार्यक्रमों और शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से अग्नि-सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सेवा सप्ताह मना रहा है।

## डॉ अच्युत सामंत को जेवी महिला विवि डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षाविद् और समाज सुधारक डॉ अच्युत सामंत को बुधवार को 14वें दीक्षांत समारोह में जेवी महिला विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह डॉ सामंत की 57वीं मानद डॉक्टरेट उपाधि है, डॉ सामंत ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भाग लिया, जबकि उनके प्रतिनिधि ने विश्वविद्यालय से उनकी ओर से सम्मान प्राप्त किया। सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ किरण बेदी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं। यह पहली बार है जब डॉ सामंत को किसी महिला विश्वविद्यालय से इस तरह का सम्मान मिला है। डॉ सामंत ने विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह पुरस्कार अपनी मां नीलिमारानी और किस और किट की सभी महिला संकायों और महिला प्रशासनिक कर्मचारियों को समर्पित किया।




# पूर्व तट रेलवे से पांच और जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कई गंतव्यों और विभिन्न मार्गों पर यात्रियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए और गर्मियों के दौरान नियमित ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, गर्मियों के दौरान पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार से देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। **पुरी-उधना (सूरत) द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 08471/08472 पुरी-उधना-पुरी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 25 अप्रैल से 27 जून 2024 के बीच हर सोमवार और गुरुवार को 0630 बजे उधना से रवाना होगी, जबकि 26 अप्रैल से 28 जून 2024 के बीच हर मंगलवार और शुक्रवार को 0530 बजे उधना से पुरी के लिए रवाना होगी। पुरी-नयी दिल्ली साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन। 08479/08480 पुरी से पुरी-नई दिल्ली-पुरी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 30 अप्रैल से 25 जून 2024 के बीच हर मंगलवार को 0845 बजे रवाना होगी। वापसी की दिशा में, नयी दिल्ली से यह ट्रेन 1 मई से 26 जून 2024 के बीच हर बुधवार को 2130 बजे रवाना होगी। **पुरी-नई दिल्ली साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन।** 04082/04081 नई दिल्ली-पुरी-नयी दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन नयी दिल्ली से 22 अप्रैल 2024 को 2300 बजे रवाना हुई। वापसी दिशा में, पुरी से यह ट्रेन 24 अप्रैल 2024 को 2220 बजे रवाना होगी। **संबलपुर-एरोड साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन:** 08311/08312 संबलपुर-एरोड-संबलपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 1 मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार सुबह 11. 35 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, इरोड से यह ट्रेन 3 मई से 28 जून 2024 के बीच प्रत्येक शुक्रवार को 14:45 बजे रवाना होगी। विशाखापत्तनम-बेंगलुरु ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन : 08549/08550 विशाखापत्तनम-बेंगलुरु-विशाखापत्तनम ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 27 अप्रैल से 29 जून 2024 के बीच हर शनिवार को दोपहर 1.15 बजे विशाखापत्तनम से रवाना होगी, जबकि वापसी मार्ग पर ट्रेन 28 अप्रैल से 30 जून 2024 के बीच बेंगलुरु से रवाना होगी और विशाखापत्तनम की यात्रा करेगी। **विशाखापत्तनम-चेन्नई एग्मोर समर स्पेशल ट्रेन:** 08557/08558 विशाखापत्तनम-चेन्नई एगमोर-विशाखापत्तनम ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन विशाखापत्तनम से 27 अप्रैल से 29 जून 2024 के बीच हर शनिवार को 07.00 बजे रवाना होगी, जबकि वापसी मार्ग पर, ट्रेन 28 अप्रैल से 30 जून 2024 के बीच हर रविवार को 10.30 पर चेन्नई एगमोर से रवाना होगी और विशाखापत्तनम की यात्रा करेगी। **विशाखापत्तनम-हटिया ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन:** 08559/08560 विशाखापत्तनम-हटिया-विशाखापत्तनम ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन विशाखापत्तनम से 28 अप्रैल से 30 जून 2024 के बीच प्रत्येक रविवार को 2350 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, हटिया से यह ट्रेन 29 अप्रैल से 1 जुलाई के बीच प्रत्येक सोमवार को 1600 बजे रवाना होगी। पूर्व तट रेलवे ने पहले गर्मियों के दौरान 20 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाने की अधिसूचना जारी की थी। इन विशेष ट्रेनों को पुरी, भुवनेश्वर,विशाखापत्तनम, संबलपुर, कटक और ब्रह्मपुर जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों से शुरू करने की योजना है। पुरी से पटना, निजामुद्दीन, शालीमार, भंजपुर और संतरागाछी की ओर विशेष ट्रेनें चलाने की भी योजना बनाई गई है; भुवनेश्वर से यशवंतपुर, धनबाद और चेन्नई की ओर; संबलपुर से गुवाहाटी, इरोड और पुणे की ओर; कटक से हैदराबाद की ओर; ब्रह्मपुर से सूरत की ओर और विशाखापत्तनम से बेंगलुरु, कोल्लम, तिरूपति, सिकंदराबाद और कुरनूल की ओर। पूर्व तट रेलवे ने यात्रियों से नियमित ट्रेनों में भीड़ से बचने के लिए विभिन्न विशेष ट्रेनों में ट्रेन टिकट बुक करने और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने का आग्रह किया है। इसके अलावा, गर्मी की लहर को ध्यान में रखते हुए, पूर्व तट रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है। पूर्व तट रेलवे के सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भी भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था की गई है। सामान्य श्रेणी के डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभिक स्टेशनों पर आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है। उपरोक्त के अलावा, देश के महत्वपूर्ण गंतव्यों के बीच पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार के माध्यम से 13 जोड़ी लंबी दूरी की विशेष ट्रेनें भी चल रही हैं। ये हैं, सिकंदराबाद-डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद स्पेशल, सिकंदराबाद-अगरतला-सिकंदराबाद स्पेशल, चेन्नई-संतरागाछी-चेन्नई स्पेशल, नागरकोइल-डिब्रूगढ़-नागरकोइल स्पेशल, कोचुवेली-शालीमार-कोचुवेली स्पेशल, बेंगलुरु-खड़गपुर-बेंगलुरु स्पेशल, संतरागाछी-सिकंदराबाद-संतरागाछी स्पेशल, सिकंदराबाद-शालीमार-सिकंदराबाद स्पेशल, बेंगलुरु-मालदा टाउन-बेंगलुरु

# काबिल और सीएसआइआर एनजीआरआइ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) ने महत्वपूर्ण व रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र में चल रहे वर्तमान परियोजनाओं और गतिविधियों हेतु भू-भौतिकी खोज के लिए दीर्घावधि सहयोग के मद्देनजर वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय भूभौतकीय अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनजीआरआइ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। भुवनेश्वर स्थित नालको निगम कार्यालय में श्रीधर पात्र, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नालको और अध्यक्ष, काबिल की उपस्थिति में सदाशिव सामंतराय, निदेशक (वाणिज्यिक) नालको और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, काबिल तथा डॉ प्रकाश कुमार, निदेशक, सीएसआइआर-एनजीआरआइ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग भूभौतिकीय, भू-रासायनिक और भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, डेटा विश्लेषण, व्याख्या और आदर्श रूप देने, वैज्ञानिक ज्ञान साझाकरण, तकनीकी सहायता और सलाहकार सेवाओं पर केंद्रित होगा। उल्लेखनीय है कि काबिल भारत सरकार के खान मंत्रालय के तत्वावधान में तीन भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों-नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) और मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**